# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 14 दिसंबर 2024







भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया नारा अब नहीं बदलियो वहीं के वहीं रहियो

# नड्डा और साय बोले- महतारी वंदन योजना तो बंद नहीं होगी, कांग्रेस जरूर समाप्त हो जाएगी



*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के एक साल पूरे होने पर सरकार का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखते हुए कहा, जनता के सामने रिपोर्ट कार्ड रखने का दम सिर्फ और सिर्फ भाजपा में है। उन्होंने साय सरकार की उपलब्धियों को गिनाने के साथ कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी साफ शब्दों में कहा, कांग्रेस महतारी वंदन योजना के बंद होने का भ्रम फैलाने का काम कर रही है। हम कहते हैं, यह योजना तो भाजपा सरकार में कभी बंद नहीं होगी, लेकिन कांग्रेस का भविष्य जरूर खतरे में है। कांग्रेस जरूर समाप्त हो सकती है। श्री नड्डा ने 1124 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

श्री नड्डा ने कहा, साय सरकार के एक साल पूरे होने पर हम यहां आए हैं। सिर्फ गुणगान करने से कुछ नहीं होता। यह मौका मूल्यांकन करने का भी है। प्रकाश का मजा तो तब आता है, जब आप अंधेरे को याद करते हैं। पांच साल पहले यहां पर राहुल गांधी आए थे और कहा था, 72 हजार रुपए महिलाओं को मिलेंगे। पांच साल तक कांग्रेस की सरकार थी, किसी भी महिला को पैसे मिले क्या। छत्तीसगढ़ के पांच साल अंधेरे में गए। जनता ने अंधेरा देखने ▸▸ शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस सत्ता का उपभोग करती है, भाजपा उपयोग

श्री नड्डा से कांग्रेस पर बरसते हुए कहा, कांग्रेस का काम सत्ता का उपभोग करना, जनता को लूटने और भ्रष्टाचार, घोटाले करने का है। यही काम कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में पांच साल तक किया। भाजपा जनता की सेवा करने वाली पार्टी है। भाजपा ने सत्ता में आते ही जनता की सेवा करने का काम किया है। 18 लाख पीएम आवास को साय सरकार ने पहली कैबिनेट में ही मंजूरी दी। महतारी ▸▸ शेष पेज 4



## ये रहे उपस्थित

सभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, लखनलाल देवांगन, लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, भाजपा ▸▸ शेष पेज 4 पर

आदेश नहीं हुआ अपलोड

# जमानत तो मिली पर सलाखों के पीछे कटी रात

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान महिला की मौत के मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाईकोर्ट से जमानत तो मिल गई, लेकिन रिहाई नहीं हो सकी। फिलहाल वह चंचलगुडा जेल में ही बंद है। डीसीपी टास्क फोर्स ए श्रीनिवास ने बताया कि जमानत आदेश की प्रतियां ऑनलाइन अपलोड नहीं की गई हैं इसलिए उनकी रिहाई नहीं हो सकी। अल्लू अर्जुन को शनिवार को रिहा किया जा सकता है। अल्लू के लिए क्लास-1 बैरक तैयार किया है।



**संध्या थिएटर भगदड़ मामला: अभिनेता को सुबह-सुबह किया गिरफ्तार, करना होगा शर्तों का पालन**

## 'सिर्फ फिल्म देखने गए थे अल्लू अर्जुन'

अभिनेता की ओर से वरिष्ठ वकील निरंजन रेड्डी ने अदालत में दलील दी कि उनके मुवक्किल अल्लू अर्जुन सिर्फ फिल्म देखने गए थे। हादसा थिएटर के निचले हिस्से में हुआ, जबकि वे पहली मंजिल पर मौजूद थे। पुलिस और थिएटर प्रबंधन दोनों को अभिनेता की उपस्थिति के बारे में पहले से जानकारी थी, लेकिन उन्होंने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए।




## महाकुंभ की जबरदस्त तैयारी! पूरे मेले में बिजली की निर्बाध आपूर्ति

### 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा यह महापर्व

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र और प्रदेश सरकार डिजिटल कुंभ का बढ़ावा दे रही है। कुंभ में कई डिपार्मेंट डिजिटल तकनीक का प्रयोग भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में इलेक्ट्रिक डिपार्मेंट भी मेले में लगे तकरीबन 40 हजार खंभों की जीओ टैगिंग करने के साथ उनपर क्यूआर कोड भी लगाने जा रहा है। इसके पीछे डिपार्टमेंट का मकसद ये है कि अगर किसी भी श्रद्धालु, साधु संत या कल्पवासी को बिजली की कोई समस्या होती है तो वो क्यूआर कोड स्कैन करके, गूगल फॉर्म के जरिए डिजिटली अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत ऑनलाइन प्रणाली से स्वतः बिजली विभाग को मिल जाएगी, जिसपर तुरंत करवाई हो जाएगी।

# 40 हजार खंभों पर लगेगी खास डिवाइस लाइट जाने पर भी नहीं होगा अंधेरा

### श्रद्धालुओं को होगी सुविधा

जीओ टैगिंग के जरिए बिजली विभाग को ये पता चल सकेगा कि किस रोड पर कितनी इंफ्रा लगी थी और साथ ही कोई श्रद्धालु अपनी लोकेशन भी जान सकता है और दूसरों को बता भी सकता है। खंभों पर लगे कोड की वजह से बिजली विभाग तुरंत उपभोक्ताओं की शिकायत का समाधान कर सकेगा।




### किसी भी स्थिति में अंधेरा नहीं होगा

महाकुंभ 2025 के दौरान मेले से लेकर रेलवे स्टेशन तक इलेक्ट्रिक सप्लाई जाने पर भी अंधेरा नहीं होगा और सभी लगी लाइटें जलती रहेंगी। इलेक्ट्रिक सिटी डिपार्मेंट के अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता के मुताबिक इस बार महाकुम्भ में सोलर हाइब्रिड लाइट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो धूप और बिजली दोनों से चार्ज हो सकेगी।

### हाइब्रिड लाइट का बैक अप 12 घंटे का

इलेक्ट्रिक डिपार्टमेट कई नए सोलर हाइब्रिड लाइट्स लगा रहा है, जो सोलर और बिजली दोनों से चार्ज होती हैं, रात में ये लाइट बिजली से चार्ज होगी और दिन में सूर्य के प्रकाश से. दरअसल कई बार कोहरा होने के चलते सोलर लाइट उपलब्ध नहीं होती ऐसे में ये हाइब्रिड लाइट बिजली से भी चार्ज होगी। हाइब्रिड लाइट का बैक अप 12 घंटे का होगा। खास बात ये है कि सूर्य की रोशनी में ये लाइट अपने आप बंद हो जाएगी और अंधेरा होने पर जल जायेगी।



## प्रधानमंत्री मोदी ने की संगम की पूजा महाकुंभ को दी 5500 करोड़ की सौगात

विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक जनसमागम के सकुशल आयोजन के लिए शुक्रवार को त्रिवेणी पूजन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुंभाभिषेकम भी किया। उन्होंने पवित्र त्रिवेणी के तट पर कुंभ कलश की स्थापना की। यह कलश प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने मोतियों से जड़ित है। पीएम मोदी ने नौकायन का भी लुत्फ उठाया। पीएम ने अक्षयवट, सरस्वती कूप और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने महाकुम्भ की 5500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। अक्षयवट, हनुमान मंदिर, सरस्वती कूप, भरद्वाज आश्रम और श्रृंग्वेरपुर धाम कॉरिडोर का लोकार्पण भी शामिल है। डिजिटल महाकुम्भ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कुम्भ सहायक चैटबॉट की भी लांचिंग की।

## खबर संक्षेप

### 'एक देश एक चुनाव भाजपा का जुगाड़ : अखिलेश



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर घेरा है। सपा चीफ ने शुक्रवार को कहा कि यह बीजेपी के चुनाव जीतने का जुगाड़ है। इसी मुद्दे पर सपा सांसद और पार्टी महासचिव रामगोपाल ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान के अनुसार काम कर रही है या नहीं यह देखना है। बीजेपी वाले इमरजेंसी जैसा काम कर रहे है। वन नेशन वन इलेक्शन को एक लंबा रास्ता तैयार करना है।

### जलमार्गों के कायाकल्प के लिए 6,000 करोड़ का निवेश

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** श्री सर्बानंद सोनोवाल नेसंसद सत्र के दौरान 2014 से अंतर्देशीय जलमार्गों के पुनरुद्धार में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला। सोनोवाल ने कहा कि मोदी केंद्र सरकार ने माल ढुलाई के एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में अंतर्देशीय जलमार्गों के पुनरुद्धार के लिए पिछले एक दशक में 6,000 करोड़ से अधिक का निवेश किया है, साथ ही जलमार्गों के समृद्ध जाल का उपयोग करके यात्री संपर्क में सुधार किया है। वर्ष 1986 में आईडब्ल्यूएआई की स्थापना के बाद से पिछले 28 वर्षों में इस क्षेत्र में केवल 1,620 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

### मकोका मामला : जेल भेजे गए बाल्यान



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आप विधायक नरेश बाल्यान को कथित संगठित अपराध से जुड़े एक मामले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि पुलिस को उनकी आगे की रिमांड देने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश तब पारित किया, जब बाल्यान को मामले में पहले दी गई सात दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया गया।

## गिरफ्तारी से बचने में आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने नहीं की कोई सहायता

# भारी पड़ी एक्टर अल्लू अर्जुन को अपने फूफा की नाराजगी, नहीं की कोई मदद

*पुष्पा फेम अल्लू अर्जुन गुरुवार को 'फैन की मौत' मामले में गिरफ्तार हो गए। कहा जा रहा है, अगर वे अपने फूफा आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के सामने झुक गए होते तो उनके समर्थक कहते हैं कि नौबत गिरफ्तारी तक नहीं आती। उल्टे उन्होंने गुरुवार को दिल्ली जाकर नए सियासी गुल खिलाने की कोशिश की और मामला वहीं बिगड़ गया।*

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

हैदराबाद के संध्या सिनेमाघर में पिछले दिनों फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज की पूर्वसंध्या पर अभिनेता अल्लू अर्जुन अपने सुरक्षाकर्मियों के साथ अचानक बिना पुलिस को किसी पूर्व सूचना के पहुंच गए थे। वहां उनकी इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग चल रही थी। अल्लू अर्जुन के साथ सैकड़ों प्रशंसकों को भीड़ सिनेमाघर में घुसी और इस भगदड़ में रेवती नामक उनकी प्रशंसक की मौत हो गई और रेवती के बेटे का इलाज जारी है। इसी मामले में अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी हुई है।

### इस मामले पर दिल्ली जाकर सियासत करनी पड़ गई भारी



### हो गया था गलती का एहसास, लेकिन मामला निकल चुका था हाथ से

सूत्र ये भी बताते हैं कि पुलिस इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश आने का इंतजार कर लेती लेकिन गुरुवार को अल्लू अर्जुन ने दिल्ली जाने पर जिस तरह की सियासत के संकेत दिए उसने यहां तेलंगाना के सियासी नेताओं के कान खड़े खड़े कर दिए। अल्लू अर्जुन को भी अपनी गलती का एहसास हैदराबाद पहुंचने पर हो गया था और उनकी तरफ से इस बारे में बाकायदा स्पष्टीकरण भी जारी किया गया लेकिन तब तक तीर कमान से निकल चुका था।

### चुनाव में नहीं किया था पवन कल्याण का समर्थन

हैदराबाद में तेलंगाना की पुलिस काम करती है और सूबे के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की अल्लू और कोनिडेला फैमिली से मनमुटाव पुराना है। लेकिन, इस मनमुटाव के साथ साथ एक सियासी चक्कर अल्लू अर्जुन के अपने इस परिवार में ही चला आ रहा है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में अल्लू अर्जुन ने अपने फूफा पवन कल्याण का समर्थन करने की बजाय उनके विरोधी दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की नेता शिल्पा रवि रेड्डी के साथ खड़े दिखाई दिए थे। अल्लू अर्जुन के खिलाफ एक मुकदमा तब भी कायम हुआ था, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से लिया नहीं। हालांकि, अपने फूफा पवन कल्याण की जीत पर अल्लू अर्जुन ने उन्हें बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया था, लेकिन सूत्र बताते हैं कि नया मुकदमा दर्ज होने के बाद उन्होंने उनसे इस बारे में एक बार भी मदद नहीं मांगी।

### राजनीति करने के दिए थे संकेत

बताते हैं कि दिल्ली में अल्लू अर्जुन की मुलाकात राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर से फिल्म 'पुष्पा 2' के हिंदी संस्करण का प्रचार देखने वाली टीम के माध्यम से हुई। इससे पहले फिल्म का पहला प्रचार कार्यक्रम भी पटना में ही आयोजित किया गया था। प्रशांत किशोर की पार्टी बीते दिन हुए शिक्षक विधान परिषद चुनाव में हार भले गई हो लेकिन उनका उम्मीदवार इश चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधनों से आगे रहा। अल्लू अर्जुन की तरफ से कल जारी बयान में कहा गया, 'अल्लू अर्जुन के सियासत में आने की अफवाहें पूरी तरह असत्य और आधारहीन हैं। ऐसे ठकिसी मामले में अल्लू अर्जुन की टीम के आधिकारिक बयान पर ही विश्वास करें।'

## सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# संतान कोई संपत्ति नहीं, बेटी की शादी स्वीकार करें



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेष संवाददाता सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि ' संतान कोई संपत्ति नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी शादी के वक्त एक लड़की के नाबालिग होने के आधार पर उसके पति के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दाखिल याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने लड़की के माता-पिता की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए कहा कि 'आपको अपने बच्चे को कैद करने का अधिकार नहीं है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा है कि तथ्यों से जाहिर है कि शादी के वक्त लड़की नाबालिग नहीं थी और व्यक्ति के खिलाफ इसलिए मुकदमा दर्ज किया गया क्योंकि उसके (लड़की के) माता-पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था।

### कैद का नहीं है अधिकार

मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि 'लड़की के माता-पिता से कहा कि आपको कैद करने का अधिकार नहीं है...आप अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार नहीं करते हैं। आप अपनी संतान को एक संपत्ति मानते हैं। उन्होंने कहा कि आपको बता दूं कि संतान कोई संपत्ति नहीं है। शीर्ष अदालत ने लड़की के माता-पिता से कहा कि आप अपनी बेटी की शादी को स्वीकार करें। पीठ ने लड़की के माता-पिता द्वारा अदालत में बेटी के जन्म प्रमाण पत्र में विसंगतियों का उल्लेख किया और कहा कि यह अदालत मामले को आगे नहीं बढ़ा रहा है। लड़की के माता-पिता ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ द्वारा 16 अगस्त को पारित फैसले को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने नाबालिग के कथित अपहरण और यौन उत्पीड़न मामले में महीदपुर निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमा को रद्द कर दिया था। लड़की के माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ अपहरण और अन्य अपराधों से संबंधित प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया था। माता-पिता की शिकायत में कहा गया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी लापता है। यह आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति ने उनकी बेटी को बहला-फुसला कर उसका अपहरण कर लिया।

## बेंगलुरू पुलिस ने निकिता सिंघानिया के जौनपुर वाले घर पर चिपकाया नोटिस

# अतुल के ससुरालवालों को 'तीन दिन के भीतर पेश होना होगा'

एजेंसी ▶▶| जौनपुर

पत्नी निकिता सिंघानिया और ससुराल वालों से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले बेंगलुरू के सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष के केस में अब बेंगलुरू पुलिस ने एक्शन लिया है। अतुल के भाई विकास एफआईआर दर्ज कराई थी। अब अतुल की पत्नी निकिता के जौनपुर वाले घर पहुंची बेंगलुरू पुलिस को जब कोई भी आरोपी नहीं मिला तो पुलिस की टीम ने घर पर नोटिस चिपका दिया, जिसमें तीन दिन के अंदर बेंगलुरू पुलिस के जांच अधिकारी के पास पहुंचने आदेश दिया गया है। बेंगलुरु पुलिस शुक्रवार को निकिता से पूछताछ के लिए उनके घर पहुंची थी, लेकिन वहां पर ताला लटका मिला था।



### अग्रिम जमानत की कोशिश में जुटा परिवार

पड़ोसी दबे जुबान में कह रहे हैं कि निकिता और उनका परिवार हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत लेने की कोशिश कर रहा है, जिससे गिरफ्तारी होने से बचा जा सके। फ़िलहाल बेंगलुरु पुलिस ने उनके घर पर नोटिस चस्पा कर तीन दिन में जवाब मांगा है। इसके बावजूद अगर निकिता या उसके परिवार की तरफ से जवाब नहीं मिला तो फिर उनकी परेशानी हो सकती है। पुलिस उनके खिलाफ वॉरंट भी जारी कर सकती है।

### एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार है निकिता

कर्नाटक के बेंगलुरु के मराठाहल्ली थाने में केस दर्ज होने के बाद से ही निकिता, उनकी मां निशा और भाई अनुराग घर से फरार हुए थे। फिलहाल वे कहां है इसकी जानकारी किसी को नहीं है। गुरुवार देर रात एक वीडियो सामने आया जिसमें निकिता की मां निशा एक होटल में बैठी नजर आ रही थी। हालांकि, वीडियो किस होटल का है इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

# सीबीआई 90 दिन में चार्जशीट नहीं कर पाई पेश

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कोलकाता की एक अदालत ने शुक्रवार को आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और पूर्व पुलिस अधिकारी अभिजीत मंडल को डॉक्टर बलात्कार-हत्या मामले में जमानत दे दी। सियालदह कोर्ट ने ताला पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल और आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को जमानत दे दी, क्योंकि सीबीआई 90 दिनों की अवधि के भीतर आरोप पत्र दायर नहीं कर सकी। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में सीबीआई ने अपने चार्जशीट में कहा था कि संदीप घोष ने कथित तौर पर अस्पताल के ठेके हासिल करने में दो गिरोहों की मदद की थी। विशेष अदालत ने आरोपपत्र को रिकार्ड पर ले लिया, लेकिन अभी तक उसका संज्ञान नहीं लिया गया है, क्योंकि पश्चिम बंगाल सरकार ने संदीप घोष और अन्य आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दी है।

■ कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस में पूर्व प्रिंसिपल को बेल



### ये है मामला

संदीप घोष को तब गिरफ्तार किया गया था जब सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 10 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर मृत पाई गई थी। 9-10 अगस्त के बीच की रात में एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय ने कथित तौर पर डॉक्टर के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में जांच में कथित देरी के लिए संदीप घोष भी जांच के घेरे में थे। इस बीच, कलकत्ता हाई कोर्ट ने उनके कार्यकाल के दौरान अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच का आदेश दिया।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## टूडो को करारा तमाचा, 'भारत विरोधियों को नहीं मिलेगी हिंदुस्तान में एंट्री

# भारत का कनाडा के 'लोगों' को वीजा देने से इंकार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कनाडा की सरकार को भारत की ओर से एक बार फिर करारा तमाचा पड़ा है। कनाडा सरकार चाहती थी कि वहां के लोगों को भारत वीजा दे। कनाडा की मीडिया में भी इस तरह की कई खबरें आईं, जिनमें भारत सरकार पर सवाल उठाए गए। अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस पर करारा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, देश विरोधी लोगों को हम किसी भी कीमत पर वीजा नहीं दे सकते। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने ऐसी मीडिया रिपोर्ट देखी है। यह भारत को बदनाम करने के लिए कनाडाई मीडिया के दुष्प्रचार का एक और उदाहरण है। भारत का वीजा हम किसे देंगे या नहीं देंगे, ये तय करने का अधिकार सिर्फ भारत के पास है। जो लोग हमारी क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें वीजा न देने का अधिकार हमारे पास है। भारत की संप्रभुता को कमजोर करनेवालों को वीजा न देने का अधिकार भारत के पास है।

### दखल नहीं करेंगे बर्दाश्त

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, कनाडा मीडिया में वीजा के संबंध में भारत पर टिप्पणी भारत की संप्रभुता में दखल के समान है। कुछ दिनों से कनाडा की मीडिया में दावा किया जा रहा है कि भारत कनाडा के लोगों को वीजा नहीं दे रहा है। जबकि भारत सरकार के सूत्रों का कहना है जिन लोगों को वीजा देने की मांग की जा रही है, उनमें से कई खालिस्तान समर्थक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*आईटीपी की समस्या से पीड़ित थी डोंगरगढ़ की निहाली टेम्भुरकर एम्स में हुआ अंगदान*



*इम्यू थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (आईटीपी) के संक्रमण से लड़ने के लिए निहाली को समय-समय पर रक्त की आवश्यकता होती, जो उसे दान में मिलता था। एक दिन पहले एम्स में इलाज के दौरान उसने अंतिम सांस ली और अपनी दोनों किडनियों से डायलिसिस पर कष्टप्रद जीवन जी रहे दो लोगों को नया जीवन दे गई। डोंगरगढ़ निवासी निहाली टेम्भुरकर की किडनी का प्रत्यारोपण एम्स में भर्ती मरीजों को किया गया।*

## दान के खून से चल रही थी जिंदगी, आखिरी सांस ली तो दो को अपनी किडनी देकर नया जीवन दे गई निहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

डोंगरगढ़ निवासी अधिवक्ता संजय टेम्भुरकर ने बताया कि तीन बेटियों और एक पुत्र में 25 वर्षीय निहाली तीसरे नंबर की थी। प्रतिरक्षा तंत्र में समस्याओं से पीड़ित होने के बाद भी उसने बीएड, पीजीडीसीए और योगा की पढ़ाई पूरी की। एमए अंग्रेजी की परीक्षा के साथ वहां सीजीपीएससी की तैयारी में जुटी हुई थी। सात दिसंबर को तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए एम्स में दाखिल किया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने उसके अंगदान करने का फैसला लेकर अस्पताल प्रबंधन को अपनी इच्छा से अवगत कराया। एम्स प्रबंधन ने सहमति मिलते ही तैयारी पूरी की और ऐसे दानवीर की प्रतीक्षा कर रहे दो मरीजों को बुलाकर ऑपरेशन की लंबी प्रक्रिया के बाद निहाली की दोनों किडनी उनके शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया। पिता संजय ने बताया कि बेटी निहाली का रक्त पिछले 14 साल से हर तीसरे-चौथे महीने में बदलना पड़ता था। इसके लिए कई ▶▶|शेष पेज 4 पर

### चार माह पहले हुआ था अंगदान

इसके पूर्व चार महीने पहले राजनांदगांव की महिला के पचपेढ़ी नाका स्थित अस्पताल में ब्रेनडेड होने के बाद उनके अंगों का प्रत्यारोपण दूसरे मरीजों के शरीर में किया गया था। लिवर के लिए प्रदेश में तय समय में मरीज नहीं मिलने पर उसे पुणे के अस्पताल भिजवाया गया था। लिवर को फ्लाइट से पुणे भेजने के लिए पचपेढ़ी नाका के अस्पताल से विमानतल तक ग्रीन कॉरीडेर बनाया गया था। वहां के अस्पताल में भर्ती मरीज को लिवर प्रत्यारोपित किया गया था। महिला की एक किडनी संबंधित अस्पताल और दूसरी एम्स के मरीज को ट्रांसप्लांट किया गया था। इनके पूर्व एक 11 साल के बच्चे के ब्रेनडेड होने के बाद परिवार वालों ने उसके अंग दूसरे मरीजों को दान में दिया था।

### 13 माह में छह से मिली 15 को नई जिंदगी

नवंबर 2023 से 13 दिसंबर 2024 के बीच विभिन्न अस्पताल में इलाज के दौरान ब्रेनडेड हुए छह लोगों के अंगों के माध्यम से अब तक 15 लोगों को नया जीवन मिला है। राज्य अंग एवं उत्तक प्राधिकरण के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, संचालक डॉ. विनीत जैन ने बताया कि अंग प्रत्यारोपण के लिए राज्य के 6 सरकारी तथा बीस निजी अस्पतालों को पंजीकृत किया गया है। ब्रेनडेड के अलावा बीते 13 माह में लाइव ट्रांसप्लांट के तहत 146 मरीजों को अंग प्रत्यारोपित किया गया है। राज्य में अब तक 1140 लोगों ने अंगदान करने की शपथ ली है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366




*फर्जी राशन कार्डों पर रोक लगाने एवं राशन वितरण योजना में पारदर्शिता लाने के लिए देशभर में राशन कार्ड सदस्यों का बॉयोमेट्रिक प्रणाली (ई-केवाइसी) के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है, ताकि राशन जरूरतमंद, पात्र और जीवित लोगों को ही मिल सके। इस नये नियम को लागू किए जाने के बाद से देश के कई राज्यों में फर्जी राशन कार्डों की पोल भी खुली है, क्योंकि कुछ मामलों को छोड़कर केवाइसी वही लोग करा रहे हैं जो पात्र, जरूरतमंद तथा जीवित हैं।*

केवायसी और नवीनीकरण के लिए नहीं आ रहे लोग, इनमें फर्जी कार्ड वाले भी

# राशन कार्ड में गोलमाल, यूपी में 9 लाख कार्ड रद्द, छत्तीसगढ़ में एक लाख पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

केंद्र की रिपोर्ट में राज्यों का आंकड़ा बताता है कि सबसे ज्यादा कार्ड उत्तरप्रदेश में रद्द हुए हैं। यहां इसकी संख्या 9 लाख से अधिक है। दूसरे नंबर पर बिहार है, जहां 6 लाख से अधिक राशन कार्ड को रद्द करना पड़ा हैं। इसी प्रकार दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में भी 3 से 4 लाख से ज्यादा कार्डधारी केवायसी के लिए पहुंचे ही नहीं। छत्तीसगढ़ में भी इसका आंकड़ा एक लाख से ज्यादा होने की संभावना है, क्योंकि यहां अब तक 20 लाख से ज्यादा सदस्यों ने अपना केवाइसी नहीं कराया है।

**एक लाख से अधिक रद्द होने की संभावना:** राज्य में अब तक करीब साढ़े चार लाख कार्ड धारकों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। इनमें से एक लाख से ▶▶|शेष पेज 4 पर

### केवाइसी की अंतिम तारीख 31 दिसंबर तय, नवीनीकरण की बढ़ी

भारत सरकार ने केवाइसी कराने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर तय की है। सूत्रों के अनुसार इसके बाद छूटे हुए कार्ड सदस्यों के नाम ऑटोमेटिक निरस्त हो जाएंगे। इस तरह राज्य में केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों की संख्या 20 लाख से ज्यादा है, जबकि नवीनीकरण नहीं हुए कार्डों ▶▶|शेष पेज 4 पर




**इन राज्यों में ऐसी स्थिति**

| राज्य | रद्द कार्ड |
|---|---|
| उत्तरप्रदेश | 9 लाख 21 हजार |
| बिहार | 6 लाख 67 हजार |
| दिल्ली | 4 लाख 26 हजार |
| राजस्थान | 3 लाख 6 हजार |
| महाराष्ट्र | 3 लाख 10 हजार |
| हरियाणा | 3 लाख 30 हजार |
| मध्यप्रदेश | 3 लाख 68 हजार |
| छत्तीसगढ़ | शून्य (हो सकते है एक लाख रद्द) |

**छत्तीसगढ़ में साढ़े चार लाख से ज्यादा कार्ड का नवीनीकरण नहीं**

छत्तीसगढ़ में केवाईसी के साथ राशन कार्डों का नवीनीकरण भी किया जा रहा है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्यभर में 78 लाख से ज्यादा राशन कार्ड धारक है, जिनमें से अब तक साढ़े चार लाख से अधिक कार्ड धारकों ने अब तक अपना कार्ड नवीनीकरण नहीं कराया है। इस तरह इन बचे हुए कार्डों के सदस्यों ने अपना केवाइसी भी नहीं कराया है, जबकि केवाइसी का कार्य पिछले करीब 10 महीनों से चल रहा है।

(नवीनीकरण का कार्य फरवरी 2025 तक चलेगा। इसके बाद ही रद्द किए जाएंगे कार्ड। फिलहाल मृत सदस्यों के नाम काटे जा रहे

### मृत सदस्य के नाम पर भी उठा रहे थे राशन

*सालभर में साढ़े चार लाख से अधिक कार्डों का नवीनीकरण नहीं कराना एवं 20 लाख से ज्यादा सदस्यों द्वारा केवाइसी नहीं कराना कार्ड धारक व सदस्यों पर कई सवाल खड़े करता है, क्योंकि कई कार्ड धारक मृत सदस्य के नाम पर भी राशन उठा रहे हैं। रायपुर जिले में खाद्य विभाग की जांच में ऐसे हजारों मामले सामने आए हैं, जिनमें कार्ड के किसी सदस्य की मृत्यु होने के बाद भी उसके कोटे का राशन कार्ड धारक प्राप्त कर रहे थे। जिले में ऐसे करीब 6 हजार सदस्यों के नाम पिछले सालभर में काटे गए हैं। इसके कारण भी कई कार्ड धारक केवाइसी और नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं।*

## जवानों ने मारे दो नक्सली, इधर ग्रामीण की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नेण्ड्रा-पुन्नुर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान घटनास्थल से भारी मात्रा में नक्सल सामान बरामद किया गया। वहीं मारे गए दोनों नक्सली पिछले दिनों हुए ग्रामीणों की हत्या में शामिल थे। इधर, नक्सलियों ने सुकमा जिले में मुखबिरी का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण की हत्या कर दी। बासागुड़ा क्षेत्र के नेण्ड्रा इलाके में सुबह से मुठभेड़ चल रही थी। दरअसल, यह मुठभेड़ बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेण्ड्रा-पुन्नुर के घने जंगलों में हुई है। जवानों ▶▶|शेष पेज 4 पर

- भारी मात्रा में नक्सली सामान बरामद

### नहीं हो पाई शिनाख्त

घटना में मारे गए दो नक्सली शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं सर्चिंग दौरान घटनास्थल से 2 बोर सिंगल शॉट गन, 1 कॉर्डेक्स वायर, टिफिन बम 5 किलो, प्रिंटर, माओवादी वर्दी, साहित्य और अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ है। मारे गए दोनों नक्सली पिछले दिनों थाना बासागुड़ा तर्रेम क्षेत्र में हुए ग्रामीणों की हत्या में भी शामिल थे।

### नक्सलियों ने फिर ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

**जगदलपुर।** नक्सलियों द्वारा लगातार पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों की हत्या की जा रही है। एक सप्ताह के भीतर यह हत्या की छठवी वारदात है, जब नक्सलियों ने ग्रामीण की हत्या की है। इस बार नक्सलियों ने सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के कहर दुलेड़ गांव में 31 साल के मड़कम हड़मा की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने एक दिन पूर्व उसके घर से अगवा किया था, फिर उस पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए हत्या कर दी।

## खबर संक्षेप

### मुख्य सचिवों का सम्मेलन आज, मोदी करेंगे अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 और 15 दिसंबर को राजधानी दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में अन्य लोगों के अलावा मुख्य सचिव, सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भी उपस्थित रहेंगे।

### गाजा पर इजराइल के हमले में 25 लोग मारे गए



**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 25 फलस्तीनी मारे गए और कई घायल हो गए। फलस्तीनी चिकित्सकों ने बताया कि हमले में घायल हुए 40 से अधिक लोगों का इन दोनों अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है। इसमें अधिकतर बच्चे हैं।

### आज राष्ट्रपति भवन में नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन ने कहा है कि राष्ट्रपति पोलो प्रदर्शनी मैच के कारण इस बार आज शनिवार को 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित होने वाला 'चेंज ऑफ गार्ड' समारोह एक सैन्य परंपरा है। यह हर सप्ताह आयोजित किया जाता है। राष्ट्रपति के अंगरक्षकों का एक नया समूह कार्यभार संभालता है।

### रेणुकास्वामी हत्या : दर्शन व अन्य को जमानत मिली



**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीप के साथ, उनकी दोस्त पवित्रा गौड़ा और सात अन्य को भी जमानत दे दी, जो मामले में अभी जेल में हैं। अभिनेता को अपने प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या के आरोप में 11 जून को गिरफ्तार किया गया था।

### आईएसआई समर्थित आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, दो पकड़ाए



**चंडीगढ़।** पंजाब में पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस द्वारा समर्थित और प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के गुर्गों द्वारा संचालित एक आतंकवादी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पंजाब पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस ने अमृतसर के जशनदीप सिंह और एक किशोर को पकड़ा है।

## यह 'संघ का विधान' नहीं 'संविधान' है : लोकसभा के पहले भाषण में प्रियंका ने पीएम पर साधा निशाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में संविधान पर बहस में भाग लेते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि संविधान न्याय, एकता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सुरक्षा कवच है, लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 10 वर्षों में इसे तोड़ने का हर संभव प्रयास किया है। उन्हें यह समझ में नहीं आया है कि संविधान संघ की नियम पुस्तिका नहीं है। उन्होंने कहा, इसे 'भारत संविधान' से बदलकर 'संघ विधान' नहीं किया गया है। प्रियंका ने निजीकरण ▶▶|शेष पेज 4 पर

- संसद सत्र: लोकसभा में हुई संविधान के 75 साल पूरे होने पर हुई विशेष चर्चा

### पीएम मोदी ने संसद हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

पीएम मोदी, उप राष्ट्रपति और राज्यसभा के पदेन सभापति जगदीप धनखड़, राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और दूसरे सांसदों ने संसद पर हुए हमले की 23वीं बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

### संविधान में है हमारी संस्कृति की झलक : राजनाथ

राजनाथ सिंह ने बताया कि संविधान के मौलिक अधिकारों के खंड में मां सीता, भगवान राम और लक्ष्मण की तस्वीरें शामिल हैं। मुख्य पृष्ठ पर अजंता-एलोरा की तस्वीर और कमल के फूल की आकृति है। ये प्रतीक बताते हैं कि हमारा संविधान गुलामी की बेड़ियों से मुक्त होकर भारत के पुनर्जागरण का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि संविधान में उकेरी गई आकृतियां देश की समृद्ध परंपरा और गौरवशाली इतिहास को दर्शाती हैं।

### प्रियंका के स्पीच की सराहना

प्रियंका गांधी ने कहा कि हमारी स्वतंत्रता संग्राम एक अहिंसा की लड़ाई थी। इस संविधान को बनाने में अंबेडकर, सी राजगोपाल चारी और पूर्व पीएम नेहरू समेत कई नेता मौजूदा का योगदान शामिल है। प्रियंका के भाषण की राहुल व खड़गे ने प्रशंसा की।

### राजा भेष तो बदलते हैं पर आलोचना नहीं सुनते : प्रियंका

प्रियंका ने कहा प्रधानमंत्री संसद में संविधान की किताब को माथे से लगाते हैं। संभल, हाथरस, मणिपुर हिंसा पर जब न्याय की बात उठती है तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आती। एक कहानी होती थी- राजा भेष बदलकर बाजार में आलोचना सुनने जाता था कि प्रजा क्या कह रही है। मैं सही रास्ते पर हूं या नहीं। आज के राजा भेष तो बदलते हैं। न जनता के बीच जाते हैं, न आलोचना सुनते हैं।

### आज आएंगे अमित शाह कल जाएंगे बस्तर, गुप्त स्थान पर भी होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर शनिवार रात को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। यहां पर रात्रि विश्राम के बाद दूसरे दिन रायपुर में पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे, इसके बाद बस्तर के लिए रवाना होंगे। वहां पर वे 15 दिसंबर को बस्तर ओलिंपिक में शामिल होने के साथ बैठक भी लेंगे। उनकी गुप्त स्थान पर बैठक भी रखी गई है, इसके बारे में किसी को जानकारी नहीं दी गई है। 16 दिसंबर को बस्तर से रायपुर आने पर यहां पर बैठक लेंगे और इसके बाद ▶▶|शेष पेज 4 पर

- तीन दिनों तक रहेंगे बस्तर और रायपुर में

## सट्टा किंग सौरभ और रवि के साथ शिवकथा में नजर आए लोगों की बन रही कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि फॉलोअप

महादेव सट्टा किंग सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की चर्चा एक बार फिर शुरू हो गई है। 9, 10 और 11 दिसंबर को दुबई के ले मेरेडियल होटल एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और अन्य सट्टे के कारोबार से जुड़े लोग नजर आए। एक चैनल ने इस आयोजन का सीधा प्रसारण भी दिखाया। इसमें भिलाई के रहने वाले कई लोग नजर ▶▶|शेष पेज 4 पर

**भिलाई समेत छग से 1000 शामिल हुए**




- तीन दिनों तक शिव महापुराण के प्रसारण के बाद भिलाई के कई चेहरे नजर आए

### पूर्व सीएम पर आरोप लगाने वाला दिखा

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ वीडियो बनाकर वायरल करने वाला शुभम सोनी भी शिव महापुराण कथा में स्पष्ट नजर आया है। इसके दिखने के बाद से स्पष्ट हो गया कि शिव महापुराण कथा में शामिल होने महादेव सट्टे के लोग हर जगह से पहुंचे होंगे। अब पुलिस इसमें शामिल होने वालों का लिस्ट बनाने में जुट गई है। अब इनकी सब जानकारी जुटाने के बाद शमिल होने वाले के घर तक पहुंचकर सौरभ और रवि का लिंक खोजने में जुटी हुई है।

बीसीसीआई और पीसीबी के बीच चल रही खींचतान खत्म

## 'हाइब्रिड मॉडल' में होगी चैंपियंस ट्रॉफी, भारत के मैच दुबई में होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पर आखिरी फैसला आ गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच चल रही खींचतान खत्म हो गई है। अब यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में खेला जाएगा। भारतीय टीम पाकिस्तान खेलने नहीं जाएगी। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पीसीबी को 'हाइब्रिड मॉडल' पर कुछ शर्तों के साथ खेलने के लिए मनाया है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज आखिरी बार 2012-13 में हुई थी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच सिर्फ एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट में ही मुलाकात हुई है।

### पाकिस्तानी टीम भी नहीं आएगी भारत

बीसीसीआई और पीसीबी दोनों ने सैद्धांतिक रूप से टी-20 विश्व कप 2026 के लिए सहमति व्यक्त की है कि पाकिस्तान की टीम भारत-पाक लीग मैच के लिए भारत नहीं आएगी और दोनों टीमें कोलंबो में खेलेंगी।



### भारतीय टीम दुबई में खेलेगी अपने मैच

अब भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। भारतीय टीम सभी मुकाबले ग्रुप स्टेज, सेमीफाइनल और फाइनल (अगर वह वहां तक पहुंचते हैं) दुबई में खेलेगी। अगर भारतीय टीम ग्रुप स्टेज से बाहर होती है तो पाकिस्तान के लाहौर में सेमीफाइनल और फाइनल मैच होंगे। पीसीबी ने आईसीसी से ये भी कहा कि अगर भविष्य में भारत कोई आईसीसी टूर्नामेंट आयोजित करता है तो पाकिस्तान भी वहां खेलने नहीं जाएगा। वह अपने मुकाबले न्यूट्रल ग्राउंड पर खेलेगा।

### भारत 'हाइब्रिड मॉडल' के पक्ष में रहा

एशिया कप 2023 की मेजबानी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन बीसीसीआई ने दबाव बनाकर भारत के मैचों का आयोजन 'हाइब्रिड मॉडल' के तहत कराया था। पिछले संस्करण में भारत ने एशिया की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के कुछ मैच पाकिस्तान में खेले गए थे। उस संस्करण में भारत ने फाइनल में श्रीलंका को हराते हुए खिताब जीता था।

चिंतन

# संतान माता-पिता की संपत्ति नहीं

संतान कोई संपत्ति नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कहकर लाखों ऐसे माता-पिता के लिए नजीर पेश की है, जो संतान को अपनी संपत्ति की तरह ट्रीट करते हैं और बच्चों की भलाई के नाम पर उनके जीवन को या तो नियंत्रित करते हैं या दखल देते हैं। आज भी हमारी परिवार व्यवस्था ऐसी है, जिसमें माता-पिता व अभिभावक अपने बच्चों के साथ अपनी जागीर की तरह व्यवहार करते हैं। खानपान व पहनावे से लेकर करियर निर्धारण तक में अपने विचार व पसंद थोपते हैं। अभिभावक अक्सर बच्चों के व्यक्तित्व के स्वतंत्र विकास व जीवन संबंधी निर्णय में बाधक बनते हैं। बच्चों के गाइड करने व नियंत्रित करने के बीच बारीक अंतर है। माता-पिता व अभिभावक का काम है अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व के विकास में मदद करें, उन्हें सही-गलत में फर्क बताएं, जीवन को देखने का नजरिया दें, उनकी शिक्षा में सहायता करें, उन्हें काबिल बनाएं। इस प्रक्रिया में अपने विचार न थोपें, अपनी पसंद व नापसंद न लादें, अपने लक्ष्य की पूर्ति बच्चों से न कराएं। गार्जियन के तौर पर गाइड करें, गाइडलाइन जारी न करें। करियर चुनने की भी आजादी अपने बच्चों को दें। विवाह के मामले में भी अपने बच्चों के फैसले को स्वीकार करें। विवाह के वक्त एक लड़की के नाबालिग रहने के आधार पर उसके 'पार्टनर' के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दायर याचिका खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय ने युवती के माता-पिता को दो टूक कहा कि संतान कोई संपत्ति नहीं है, आपको संतान को कैद करने का अधिकार नहीं है। दरअसल लोगों को अपनी संतान को एक संपत्ति मानना बंद करना चाहिए, अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार करना चाहिए और उसके फैसले का सम्मान करना चाहिए। बालिग युवक-युवती अपने फैसले के सही या गलत होने की बात समय के साथ खुद समझेंगे, इसमें अभिभावक के लिए कुछ खास नहीं है। देश में हमारी सामाजिक व्यवस्था और परिवार सिस्टम में अधिक खुलेपन की आवश्यकता है। सोच के स्तर पर भी और व्यवहार के स्तर पर भी। अगर हम शैक्षिक रूप से प्रगति कर रहे हैं, जीवन स्तर पर प्रगति कर रहे हैं तो हमें सोच के स्तर पर भी प्रगतिशील होना चाहिए। गार्जियनशिप संतान पर बोझ की तरह नहीं होनी चाहिए। आज देश के कई हिस्से में ऑनर किलिंग होती है, लोग अपनी ही संतान के दुश्मन बन जाते हैं। अज्ञात सामाजिक व बिरादरी के भय के नाम पर माता-पिता व अभिभावक मनमर्जी से विवाह कर लेने पर संतान की जान ले लेते हैं। यह परिवार व्यवस्था के लिए अभिशाप है, सभ्य समाज पर कलंक है। आखिर हम कैसा समाज चाहते हैं, कैसा परिवार निर्माण करते हैं, जिसमें बच्चों के विचार व फैसले का मान नहीं है। बच्चों पर अभिभावक की इच्छा का इतना दबाव रहता है, कई बच्चे शिक्षा ग्रहण के दौरान ही खुदकुशी कर लेते हैं। नंबर का दबाव, करियर का दबाव से लेकर जीवनसाथी थोपने तक का दबाव बच्चे झेलते हैं। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक बच्चों की आत्महत्या के पीछे ये सब कारण भी रहते हैं। अगर हम चाहते हैं कि बच्चे अच्छे नागरिक बनें, उनके व्यक्तित्व का विकास हो, मजबूत इरादे के बनें, स्वतंत्र निर्णय लेने वाले बनें तो हमें परवरिश सिस्टम में बदलाव करना चाहिए, माता-पिता व आभिभावकों को अपनी संतान पर अपने फैसले का बोझ नहीं लादना चाहिए। बच्चों का मार्गदर्शन करें, उनके जीवन की कमान न संभालें। उनका आत्मबल बढ़ाएं, उन्हें कमजोर न करें। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी करोड़ों अभिभावकों के लिए नसीहत है।



# 24 वर्षों से विधान निर्माण के नव आयाम स्थापित कर रही छत्तीसगढ़ विधानसभा

विचार
डॉ. रमन सिंह

मुझे आज भी श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी का सप्रेशाला मैदान, रायपुर की सभा में वो उद्बोधन याद है, जहाँ उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा था कि "आप मुझे 11सांसद दो और मैं आपको छत्तीसगढ़ दूंगा।" वर्ष 1998 में बारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति संकल्प लिया गया था और इसी तारतम्य में "मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक" लोकसभा में 31 जुलाई 2000 तथा राज्यसभा में भी 09 अगस्त 2000 को पारित हुआ। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उपरांत 01 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से पृथक होकर देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान और छत्तीसगढ़वासियों की आकांक्षाओं को सम्मान मिला।

1 नवम्बर 2000 का दिन जब केवल भारत के मानचित्र पर कुछ नई रेखाएं नहीं खिंची गई बल्कि डॉ. खूबचंद बघेल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, श्री हरि ठाकुर, श्री केयूर भूषण, श्री केशव सिहं ठाकुर औरश्री चंदूलाल चंद्राकर जैसे महापुरुषों के दशकों के प्रयासका प्रतिफल रहा किपृथक छत्तीसगढ़ राज्य की मांग के लिए मध्यप्रदेश विधान सभा में सर्वप्रथम श्री महेश तिवारी (सदस्य, जनता पार्टी) द्वारा 28 जून सन 1991 को मध्यप्रदेश राज्य को तीन पृथक प्रदेशों में विभाजित कर छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हेतु केन्द्र से अनुरोध किये जाने हेतु प्रस्तुत अशासकीय संकल्प अस्वीकृत हो गया। इसके बाद इसके बाद श्री गोपाल परमार ने 18 मार्च 1994 को एक अशासकीय संकल्प प्रस्तुत किया –"सदन का यह मत है कि मध्यप्रदेश के विस्तृत क्षेत्र, भाषा, सांस्कृतिक परंपराएँ, कानून व्यवस्था तथा जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ क्षेत्र को अलग कर पृथक छत्तीसगढ़ राज्य बनाये जाने की शासन आवश्यक पहल करें।'' इस पर तीन घंटे की चर्चा उपरांत संकल्प सर्वानुमति से स्वीकृत हुआ। फिर 15 अप्रैल 1998 को मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन मंत्री श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने मध्यप्रदेश विधान सभा में 15 अप्रैल 1998 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के निर्णय पर भारत सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किये जाने का शासकीय संकल्प प्रस्तुत किया जो पारित हुई।

मुझे आज भी श्रद्धेय श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी का सप्रेशाला मैदान, रायपुर की सभा में वो उद्बोधन याद है, जहाँ उन्होंने जनता से वादा करते हुए कहा था कि "आप मुझे 11सांसद दो और मैं आपको छत्तीसगढ़ दूंगा।" वर्ष 1998 में बारहवीं लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र में भी पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति संकल्प लिया गया था और इसी तारतम्य में "मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक" लोकसभा में 31 जुलाई 2000 तथा राज्यसभा में भी 09 अगस्त 2000 को पारित हुआ। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उपरांत 01 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से पृथक होकर देश के 26वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान और छत्तीसगढ़वासियों को आकांक्षाओं को सम्मान मिला।

आजादी के पूर्व से छत्तीसगढ़ प्रान्त के संसदीय ज्ञान और लोकप्रिय नेताओं का सदन में रहा है प्रतिनिधित्व।

छत्तीसगढ़ को भले ही भारत के नक़्शे में पहचान सन 2000 में मिली लेकिन छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व आज़ादी के पूर्व से सीपी एंड बरार में दिखाई देता रहा, जब पहली बार 31 अप्रैल 1937 को दुर्ग के संजारी बालोद से चुनाव जीतकर घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष चुने




गए। श्री गुप्त जी लगातार 3 बार (1937-1952) 15 वर्षों तक विधानसभा अध्यक्ष पद को सुशोभित करते रहे।

इसके साथ ही जब 1935 के भारत शासन अधिनियम के अनुसार विधानसभा की भाषा आवश्यक रूप से अंग्रेजी थी तब श्री गुप्त जी ने 1937 में विधानसभा की भाषा हिंदी और मराठी कर दी, अपनी मातृभाषा के प्रति तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष श्री घनश्याम सिंह गुप्त जी का समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रेम ही था, जिसकी वजह से वह न केवल संविधान सभा के सदस्य बने बल्कि विधानसभा के द्वारा उन्हें संविधान के हिंदी ड्राफ्ट कमेटी का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की इच्छा के अनुरुप उन्होंने 2 वर्ष 6 माह के अंतर्गत भारतीय संविधान का हिंदी ड्राफ्ट प्रस्तुत किया। सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार के सदन में छत्तीसगढ़ प्रान्त के दिग्गज नेताओं की प्रमुख भूमिका थी। यह अद्भुत संयोग था कि छत्तीसगढ़ अंचल के पं. रविशंकर शुक्ल सदन के नेता (मुख्यमंत्री) के रूप में थे, छत्तीसगढ़ अंचल के ठाकुर प्यारेलाल सिंह नेता-प्रतिपक्ष और उसी समय श्री घनश्याम सिंह गुप्त जी सेंट्रल प्रोविंसेस एंड बरार विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर थे।मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष के रूप में इसी अंचल के दुर्ग से श्री विश्वनाथ यादव राव तामस्कर, श्री श्यामाचरण शुक्लभी रहे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ अंचल के श्री मोतीलाल वोरा दो बार मध्यप्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री हुए। वर्ष 1985-90 में छत्तीसगढ़ के स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत रहे।

लेकिन यहां एक प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्यों एक पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की आवश्यकता पड़ी? जब छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व इतना मजबूत था और छत्तीसगढ़ के नेताओं का इतना प्रभाव था तब क्यों इस प्रदेश के लोगों के मन में एक पृथक राज्य की भावना थी। इसके लिए जब हम इतिहास के पन्ने पलट कर देखते हैं तब संयुक्त मध्यप्रदेश में छत्तीसगढ़ का क्षेत्र खनिज और अन्य संपदाओं से भरपूर होने के उपरांत भी वंचित और उपेक्षित नजर आता है,क्योंकि भोपाल स्थित विधानसभा तक हमारे क्षेत्र की आवाज को पहुंचाना और जनकल्याणकारी योजनाओं से इस अंचल को जोड़ना बहुत कठिन था। यह एक ऐसा दौर था जब हम अगर कवर्धा के लिए मध्यप्रदेश विधानसभा से 5 लाख रुपए की सड़क भी स्वीकृत करवा लाते थे तब वह एक बड़ी उपलब्धि हुआ करती थी। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सिर्फ एक नए राज्य का निर्माण नहीं था बल्कि सुकमा से सरगुजा तक निवासरत इस पूरे क्षेत्र के लोगों को नई आवाज़ देने और उनके अधिकारों को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए एक पृथक पटल भी उपलब्ध किया गया।

14 दिसम्बर सन 2000 को नए छत्तीसगढ़ में जन-जन की आवाज को एक मंच प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा की स्थापना हुई, छत्तीसगढ़ गठन के समय विधानसभा के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां थी। उपयुक्त भवन, संसाधनों की कमी एवं संसदीय विद्या के पारंगत अनुभवियों की कमी के बावजूद छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रथम चार दिवसीय ऐतिहासिक सत्र 14 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2000 तक रायपुर स्थित राजकुमार कालेज के जशपुर हॉल में अस्थायी तौर पर निर्मित सभा भवन में संपन्न हुआ। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ विधानसभा को रायपुर बलौदाबाजार मार्ग पर बरोंदा गांव स्थित भारत-सरकार के जल-ग्रहण मिशन संस्थान के लिए बने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया गया और जहाँ आज दिनांक तक संचालित है।

(लेखक छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष है)

जन्मशती
विवेक शुक्ला



# शोमैन राज कपूर की 'अब दिल्ली दूर नहीं'

शायद दिल्ली के साथ राज कपूर का पहला जुड़ाव 1957 में शुरू हुआ था, जब उन्होंने 'अब दिल्ली दूर नहीं' फिल्म का निर्माण किया था। इसकी पटकथा प्रसिद्ध लेखक राजेंद्र सिंह बेदी ने लिखी थी। फिल्म में अभिनेता मोतीलाल थे, जो नई सड़क से थे। फिल्म में युवा अमजद खान भी थे, जिन्होंने बाद में गब्बर सिंह के रूप में अपार लोकप्रियता हासिल की। 'अब दिल्ली दूर नहीं' में दिल्ली के दृश्य दिखाए गए थे, जिनमें यमुना नदी पर बना पुराना लोहे का पुल, दरियागंज और कनॉट प्लेस शामिल थे। फ़िल्म इतिहासकार डॉ. मनीष चौधरी कहते हैं, 'राज कपूर के लिए दिल्ली उनके दूसरे घर जैसा था क्योंकि उनकी पहली बेटी, रितु कपूर नंदा की शादी यहीं हुई थी। इसके अलावा, वे आरके बैनर की फ़िल्मों के प्रीमियर के दौरान हमेशा यहां आते थे।' आज 14 दिसंबर को देश राज कपूर की जन्म शती मना रहा है। अफ़सोस, राज कपूर का निधन भी 1988 में यहीं हुआ था। उन्हें 2 मई, 1988 को, तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन द्वारा सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके तुरंत बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही थी और उन्हें एम्स में भर्ती किया। एम्स के डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उनकी मृत्यु का कारण उनके अस्थमा से जुड़ी जटिलताओं को बताया गया। राज कपूर हमेशा चाहते थे कि उनकी फ़िल्में रीगल या मोती पिक्चर हॉल में रिलीज़ हों। रीगल शायद नई दिल्ली का पहला सिनेमा हॉल था और राज कपूर के दिल में इसका एक खास स्थान था। उनके पिता, पृथ्वीराज कपूर ने भी रीगल में नाटकों में अभिनय किया था। अपने शुरुआती दिनों में, रीगल में अंग्रेजी और हिंदी दोनों प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया जाता था। रीगल 2017 में बंद हो गया था। मोती थोड़ा बाद में बंद हुआ। दिल्ली के साथ राज कपूर का रिश्ता 1970 में और गहरा हो गया, जब उनकी सबसे बड़ी बेटी, रितु ने एस्कॉर्ट्स ग्रुप के चेयरमैन एच.एस. नंदा के बेटे राजन नंदा से शादी की। नंदा परिवार भारत की स्वतंत्रता के बाद लाहौर से दिल्ली आ गया था। लाहौर में उनकी एक प्रमुख परिवहन कंपनी थी जिसका नाम नंदा ट्रांसपोर्ट था। रितु के दिल्ली में शिफ्ट होने के बाद, राज कपूर जब भी शहर में होते थे तो अक्सर जोर बाग में उनके घर जाते थे। राजन नंदा बाद में अमिताभ बच्चन के समधी बने जब उनके बेटे, निखिल नंदा ने श्वेता बच्चन से शादी की। आज, निखिल नंदा एस्कॉर्ट्स ग्रुप के चेयरमैन हैं। राज कपूर के पिता पृथ्वीराज कपूर राज्यसभा के लिए 1952 में मनोनीत किए गए थे। पृथ्वीराज कपूर ने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कहने पर सांसद का पद स्वीकार किया था, जिन्होंने कला और संस्कृति के मामलों पर उनकी सलाह मांगी थी। पृथ्वीराज कपूर को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) की स्थापना का सुझाव नेहरू को देने का श्रेय दिया जाता है। फिल्म लेखक डॉ. रविन्द्र कुमार बताते हैं कि पृथ्वीराज कपूर अक्सर संसद के दौरान दिल्ली में रहते थे। वे बाद में अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी करने के लिए मुंबई लौट जाते थे। रितु कपूर के बाद, राज कपूर की पोती और रणधीर कपूर की बेटी करिश्मा कपूर की शादी भी राजधानी में हुई। करिश्मा के पति संजय कपूर राजधानी के एक बहुत ही धनी और जाने-माने परिवार से हैं। हालांकि, करिश्मा और संजय में तलाक हो गया था। इस बीच, राज कपूर की एक और पोती, रिद्धिमा कपूर ने दक्षिण दिल्ली के एक व्यवसायी भरत साहनी से शादी की। रिद्धिमा ऋषि कपूर की बेटी हैं। शशि कपूर की बेटी, संजना कपूर ने लेखक और वन्यजीव विशेषज्ञ वाल्मीकि थापर से शादी की। वे दिल्ली में मालचा मार्ग पर रहते हैं। राज कपूर के छोटे भाई शम्मी कपूर कनॉट प्लेस के प्लाजा सिनेमा हॉल में फिल्म निर्माता एफ.सी. मेहरा के साथ भागीदार थे। शम्मी कपूर ने बाद के वर्षों में अपनी हिस्सेदारी बेच दी। राज कपूर हमेशा शशि कपूर को अपने भाई से ज़्यादा अपना बेटा मानते थे। शशि की शुरुआती फिल्मों में से एक 'हाउसहोल्डर' की शूटिंग मुख्य रूप से दरियागंज में टाइम्स हाउस के पास एक बड़े घर में की गई थी। यह घर दिल्ली के एक प्रमुख थिएटर कलाकार और ऑल इंडिया रेडियो के लिए एक लोकप्रिय हिंदी समाचार वाचक जयदेव त्रिवेदी का था। जयदेव त्रिवेदी ने एक बार उल्लेख किया था कि पृथ्वीराज कपूर शशि कपूर के साथ उनके घर आए थे।



(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव कोई नाम नहीं है



संकलित
दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी। सिर्फ बुद्धि की कमी होने पर ही आपको लोगों को बताना पड़ता है कि क्या नहीं करना है।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### बड़ी संख्या वाले विद्यालयों में बने रजिस्ट्रार के पद

प्रदेश सरकार 1000 से अधिक संख्या में छात्रों वाले विद्यालयों में रजिस्ट्रार के पदों का निर्माण करे। अभी नव-नियुक्त सहायक प्राध्यापक को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व दिया गया है, जिन्हें वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुभव नहीं है। वित्तीय एवं प्रशासनिक अनुभव नहीं होने के कारण महाविद्यालयों को राज्य शासन यूजीसी, रूसा एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त आवंटन का उपयोग समयसीमा में एवं वित्तीय निर्देशानुसार नहीं किए जाने के कारण राशि सरेंडर हो जा रही है। विभागीय आडिट एवं महालेखाकार के आडिट में अनेक आपत्तियां प्राप्त होती है जिसका निराकरण करने में महाविद्यालयों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालयों में रजिस्टार का पद निर्मित किया जाता है तो समस्त वित्तीय कार्य उनके द्वारा संपादित किया जा सकेगा।

**- समस्त महाविद्यालयीन छात्रावास अधीक्षक**, रायपुर

ट्रेंड

### शहीदों को श्रद्धांजलि



2001 के संसद हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी. उनका बलिदान हमारे देश को सदैव प्रेरित करता रहेगा। हम उनके साहस और समर्पण के लिए सदैव आभारी रहेंगे।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अलोकतांत्रिक व्यवस्था



'एक देश, एक चुनाव' सही मायनों में एक 'अव्यावहारिक' ही नहीं 'अलोकतांत्रिक' व्यवस्था भी है क्योंकि कभी-कभी सरकारें समयावधि के बीच में भी अस्थिर हो जाती हैं। इसके लिए सांविधानिक रूप से चुनी गयी सरकारों को बीच में ही भंग करना होगा, जो जनमत का अपमान होगा।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### देवनहल्ली टोल प्लाजा



बेंगलुरु हवाईअड्डे में प्रवेश से पहले देवनहल्ली पर टोल प्लाजा हटाने की मांग जायज है। बेंगलुरु को अन्य शहरों के बराबर लाया जाना चाहिए।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### राज कपूर की जन्मशती



महान शोमैन राज कपूर की शताब्दी का जश्न... मुझे खुशी है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन ने आर.के. के साथ हाथ मिलाया है। दर्शकों को एक ऐसे कलाकार की फिल्मों को फिर से देखने का अवसर मिलेगा जो सिनेमा के लिए जीते थे।

**-अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

करंट अफेयर

## ताइवान को लेकर चीन की सेना ने साधी चुप्पी



चीन की सेना इस सप्ताह ताइवान के आसपास बड़े पैमाने पर नौसैनिक और तटरक्षक जहाजों की तैनाती पर शुक्रवार को चुप्पी साधे रखी। ताइवान के अधिकारियों ने कहा कि चीन जहाजों की तैनाती करके नाकाबंदी कर रहा है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने अब तक इस गतिविधि पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। मंत्रालय के शीर्ष प्रवक्ता वू कियान ने अपने बयान में युद्ध रणनीति से जुड़े एक प्राचीन चीनी ग्रन्थ "द आर्ट ऑफ वॉर" के एक प्रख्यात उद्धरण का उल्लेख किया कि सैन्य रणनीति बदलती परिस्थितियों के अनुसार ऐसे ही ढलती है, जैसे बहता पानी। प्रवक्ता ने कहा कि सेना अपनी आवश्यकताओं और स्थिति के आधार पर अभ्यास करने का निर्णय लेती है, और किसी भी स्थिति में, देश की जन मुक्ति सेना ताइवान की स्वतंत्रता का विरोध करने और चीन के साथ उसके /"पुनर्मिलन/" को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ताइवान के अधिकारियों ने चीन की गतिविधि को प्रशिक्षण बताया, क्योंकि चीन की ओर से इस बात की कोई पुष्टि नहीं की गई है कि वह अभ्यास कर रहा था। उन्होंने कहा कि वे प्रशिक्षण की निगरानी कर रहे हैं और इसे धमकी के रूप में देखते हैं।

ऑफ बीट

## सर्दी में क्यों होती है जुकाम होने की अधिक संभावना



सामान्य जुकाम के लिए जिम्मेदार राइनोवायरस और इंफ्लुएंजा व सार्स-कोव-2 समेत कई वायरस ठंडे तापमान और कम आर्द्रता होने पर लंबे समय तक संक्रामक बने रहते हैं और तेजी से फैलते हैं। इसके साथ ही यह तथ्य भी है कि ठंड के मौसम में लोग घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं तथा दूसरों के साथ निकट संपर्क में रहते हैं, जो कि रोगाणुओं के फैलने की अधिक सामान्य कारण हैं। सर्दी के मौसम में फ्लू और रेस्पिरेटरी सिंसिटियल वायरस (आरएसवी) का फैलना निश्चित होता है। हालांकि, कोविड-19 सामान्य ठंड के मौसम में फैलने वाला श्वसन वायरस नहीं है। उदाहरण के तौर पर, 2020 के बाद से हर बार गर्मी में कोविड-19 संक्रमण दर बढ़ी है। ठंड का मौसम इन्फ्लूएंजा वायरस की बाहरी झिल्ली को बदल सकता है, जिससे यह अधिक ठोस और रबड़ जैसा हो जाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि रबड़ जैसी कोटिंग वायरस के एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में संक्रमण को आसान बनाती है। समस्या का कारण सिर्फ सर्दियों की ठंडी हवा ही नहीं है। ठंडी और शुष्क हवा को भी फ्लू के प्रकोप से जोड़ा गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शुष्क शीतकालीन हवा इन्फ्लूएंजा वायरस को लंबे समय तक संक्रामक बने रहने में मदद करती है।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## समस्या: खरथुली की महिलाओं ने एसपी से की शिकायत

# समूह में काम देने के नाम पर 38 महिलाओं से लोन निकलवाया और कर ली 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिलाओं को सब्जबाग दिखाकर बैंक से ऋण स्वीकृत करवा धोखाधड़ी करने का मामले रोज अलग अलग ग्रामों से सामने आ रहे हैं। जिले में अब तक सामने आए मामलों में आरोपी लगभग वहीं हैं। अब नया मामला गुरुवार को ग्राम खरथुली की महिलाओं का आया है। ग्राम खरथुली की महिलाओं ने समूह में काम देने के नाम पर लोन निकलवा धोखाधड़ी करने की शिकायत पुलिस अधीक्षक बालोद से की है।

महिलाओं ने शिकायत में कहा है कि वे सब ग्राम खरथुली की रहने वाली हैं। खोरबाहरा निषाद जो पहले ग्राम परेंगुड़ा में निवासरत था और वर्तमान में बालोद के कुंदरू पारा में रहता है। जिनके द्वारा गांव के हम 38 महिलाओं से संपर्क कर सन् 2020–21 में माइक्रोफाइनेंस कपंनी एवं अलग–अलग बैंकों से लोन निकलवा मशरूम उत्पादन का काम देकर दोबारा 9 बैंकों से अलग–अलग ग्रुप में कुल लगभग 50 लाख रुपए की राशि निकलवा कर लोन का किशत स्वयं चुकाने की बात कही। महिलाओं ने बताया कि हमसे पैसा लेकर कुछ माह तक किशत जमा करने के बाद बंद कर दिया है। किशत जमा नहीं होने पर बैंक द्वारा हम महिलाओं पर लोन की किशत जमा कराने लगातार दबाव बनाया जा रहा है। हम महिलाओं द्वारा लोन की किशत जमा नहीं होने पर खोरबाहरा निषाद से संपर्क भी किया। खोबाहरा निषाद हम महिलाओं से लोन चुकाने की बात कही और कहा कि वह पैसा लाने चारामा जा रहा हूँ। जिसके बाद से खोरबाहरा निषाद हम महिलाओं से अभी तक नहीं मिले हैं। इसके बाद हम महिलाएं कई बार खोरबाहरा निषाद से संपर्क करने का प्रयास भी किए। जिसके बाद से हम महिलाओं को उनका फरार होने का अंदेशा है।



### बैक कर्मियों की भूमिका भी संदेह के दायरे में

महिलाओं का कहना है कि पूरे मामले में बैंक कर्मचारियों के इस धोखाधड़ी में शामिल होने की आशंका है। क्योंकि लेने दिलाने वाला खोरबाहरा निषाद एवं उनकी पत्नी गांव आकर महिलाओं को इकट्ठा कर बैंक कर्मचारी को तुरंत फोन कर बुलवा डाक्यूमेंट तैयार कर लोन पास करवाते थे। लोन पास होने के बाद पैसा खोरबाहरा निषाद या उनके द्वारा गणेश्वर कुंजाम एवं उनके बड़े भाई और चंद्रहास करियाम ग्राम नारागांव निवासी को हम लोगों के पास पैसे लेने भेजता था।

# खुरसुल में फांसी में झूलते मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

- हत्या की आशंका



राजनांदगांव पारा अंजोरा निवासी मिथलेश यादव (32 वर्ष) की लाश फांसी में झूलते में मिली है। अर्जुन्दा थाना अंतर्गत ग्राम खुरसुल-निकुम मुख्य मार्ग पर बरगद के पेड़ में मिथलेश का शव लटका हुआ था। उसने चप्पल पहने हुए थे। दोनों हाथ गम्छे से कसकर बंधा हुआ था। इतना ही नहीं घटना स्थल के करीब ही शराब की बोतल, डिस्पोजल और चखना पड़ा मिला है। इसके आधार पर हत्या का संदेह जाहिर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि मृतक मिथलेश अविवाहित था। पेशे से ड्राइवर था। वह अंजोरा से 17 किमी दूर बालोद जिले के खुरसुल क्यों गया था, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। घटना स्थल पर ही मृतक की मोटर साइकिल सीजी 07 एल 2683 खड़ी थी।

इससे पहले 3 दिसम्बर को खुरसुनी में रेखदास के फार्म में लाखो रुपये के चैन हारवेस्टर मशीन जलकर खाक हो गई थी। अज्ञात ने उसमें आग लगा थी। अब तक आरोपियों के बारे में पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों की मानें तो पिछले कुछ समय से क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं बढ़ गई है। पुलिस की नियमित गश्त नहीं होने से नशाखोरी बढ़ रही है। संदिग्धों की आवाजाही बढ़ी है।

# कार समेत 25 लाख का गांजा किया जब्त, फरार आरोपियों की तलाश

- जंगल के रास्ते कर रहे थे गांजे की तस्करी, पुलिस को देख लग्जरी गाड़ी छोड़ हुए फरार

**जगदलपुर**। मादक पदार्थ गांजा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने 15 लाख रूपए से अधिक का गांजा बरामद किया गया है। वाहन समेत गांजा छोड़कर भागे फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ओडिशा से तिरिया माचकोट जंगल के रास्ते में नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को देखकर वाहन में सवार तस्कर मौके पर महेन्द्रा एक्सयूवी क्रमांक डीएल 12 सीए 5468 को छोड़कर फरार हो गए। टीम द्वारा वाहन में सवार आरोपियों की जंगल में पतासाजी के लिए हरसंभव प्रयास किया गया बावजूद तस्कर नहीं मिले।



वाहन की तलाशी लेने पर डिक्की में मादक पदार्थ गांजा के 30 पैकेट कुल 157.96 किलो बवैध गांजा कीमत 15 लाख 79 हजार 6 सौ रूपए बरामद किया गया। वहीं वाहन कीमत 10 लाख रूपए कुल 25 लाख 79 हजार रूपए बरामद कर जब्त किया गया। अज्ञात तस्करों के खिलाफ धारा 20 (ख), (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही है। कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई सतीश कुमार यादव, दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, आरक्षक दशरू नाग, वेदप्रकाश देशमुख, डीएसएफ आरक्षक, विरेन्द्र ठाकुर, जोगेश्वर कश्यप व सैनिक जगन्नाथ नाग की महत्सपूर्ण भूमिका रही।

### पोस्ट मास्टर की मौत कारण अज्ञात

**धमतरी**। अज्ञात कारणों से बकावण्ड में पदस्थ अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम देमार निवासी निवासी पोस्टमास्टर की मौत हो गई है।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार देमार निवासी ज्ञानेश्वर धृतलहरे उम्र 24 वर्ष बकावण्ड के डाकघर में पोस्टमास्टर के पद पर पदस्थ था। युवक बकावण्ड में किराये के मकान में रहकर बीते 6-7 साल से डाक विभाग में सेवा दे रहा था। बुधवार की रात्रि ज्ञानेश्वर ने अपने भाई सूर्यकांत धृतलहरे को फोन कर तबीयत खराब होने की जानकारी दी। दूसरे दिन गुरूवार को उसकी मां सविता धृतलहरे व जीजा गोपाल मण्डोले बकावण्ड पहुंचे। युवक अपने कमरे बेहोश पड़ा हुआ था। परिजन युवक को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। रिफर कराकर धमतरी जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सड़क में बैठे मवेशी से मोटर साइकिल टकराई, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

रात के समय जिले की सड़कों में बैठे आवारा मवेशी वाहन चालकों के लिए किस तरह मौत का कारण बन रहे हैं इसका एक उदाहरण बीते दिनो जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में देखने को मिली।

जहां सड़क में बैठे एक मवेशी से मोटर सायकल सवार के टकरा जाने से उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाटा में मुंशी का कार्य करने वाला कवर्धा निवासी हेमशरण वैष्णव पिता ईश्वरी दास वैष्णव आयु लगभग 32 वर्ष गत दिनो रात के समय धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाटा से अपना काम निपटाकर मोटर सायकल से वापस घर कवर्धा आ रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान रास्ते में ग्राम धमकी के पास उसकी मोटर सायकल सड़क में बैठे एक मवेशी से टकरा गई। इस दुर्घटना में हेमशरण गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों तथा पुलिस की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में आवारा मवेशी एक गंभीर समस्या बन चुके हैं।



Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda2wheelersindia.com
*नियम व शर्तें लागू। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाज़ार में उपलब्ध वास्तविक उत्पाद से भिन्न हो सकता है। उत्पाद में दिखाई गई एक्सेसरीज़ सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं।
होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 8720008800, 7970005301
For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com
Embassy

## जैकेट के शेष

### नड्डा और साय ...

के बाद भाजपा को मौका दिया और उजाले में आए। प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार बनी, तो मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया गया। सवाल नीयत का भी होता है। भाजपा की नीयत और नीति साफ है। श्री नड्डा ने 13 दिसंबर को याद करते हुए कहा, इसी दिन 2001 को संसद में आतंकवादी हमला भी हुआ है। हम इस हमले में शहीद होने वालों को श्रद्धांजलि देते हैं।

**कांग्रेस देश विरोधी** : श्री नड्डा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, कांग्रेस पूरी तरह से देश विरोधी हो गई है। कांग्रेसी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगे हैं। कांग्रेस देश का विरोध करने वालों के साथ खड़ी है। कांग्रेस हमेशा देश को अस्थिर करने का काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को देश की विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में लगे हैं।

**हमने किया मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम : साय** : प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हमारी सरकार बनने के बाद हमने मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। कांग्रेसी भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं कि महतारी वंदन योजना चलने वाली नहीं है। मैं आज साफ कहना चाहता हूं जब तक भाजपा की सरकार है, यह योजना चलती रहेगी, महतारी वंदन योजना को कोई माई का लाल बंद नहीं कर सकता है। हमने दस माह में 6530 करोड़ रुपए महिलाओं के खाते में भेजे हैं। श्री साय ने कहा, कांग्रेस सरकार ने गरीबों के सिर से छत को छिनाने का काम किया। पीएम आवास योजना को इसलिए पूरा नहीं होने दिया क्योंकि इस योजना में प्रधानमंत्री का नाम था। हमने वादा किया था जब सरकार बनेगी तो सबसे पहले जो 18 लाख गरीब पीएम आवास से वंचित रह गए हैं, उनको आवास देने का काम करेंगे। हमारी सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने यही काम सबसे पहले किया। 13 दिसंबर को शपथ लेने के बाद 14 दिसंबर को पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास की स्वीकृति दी। इसके बाद किसानों से वादा था दो साल का बकाया बोनस देना का, उसको भी हमने बीते साल 25 दिसंबर को दे दिया। 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा भी पूरा किया। अंतर की राशि भी एक मुश्त देने का काम किया। तेंदूपत्ता का भी वादा था। उसको चार हजार से बढ़ाकर साढ़े पांच हजार प्रति बोरा देने का वादा भी हमारी सरकार ने पूरा किया है। राम लला दर्शन योजना प्रारंभ की। अब तक 20 हजार इसका लाभ ले चुके हैं। पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की भी वादा किया था। उसको भी पूरा किया है। अब दोषी जेल भी जाने लगे हैं। इस साल पीएससी की परीक्षा के परिणाम के बाद प्रतियोगियों के माता-पिता मुख्यमंत्री निवास में मिलने आए थे, सभी खुश थे कि उनके बच्चों के साथ न्याय हुआ है।

**अगला साल अटल निर्माण दिवस वर्ष** : श्री साय ने कहा, हमने बीते साल तीन दिसंबर को बहुमत प्राप्त किया था। इस दिन को इस बार हमने जनादेश दिवस के रूप में मनाया है, अब इसको हर साल जनादेश दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस साल को विश्वास वर्ष के रूप में मना रहे हैं। जनता ने हम पर विश्वास किया और हम उनके विश्वास पर खरे उतर रहे हैं। याद करें पांच तक कांग्रेस की सरकार में सिर्फ प्रदेश में भ्रष्टाचार और घोटाले ही हुए हैं। आने वाला साल छत्तीसगढ़ का रजत जयंती साल है, इस साल को हम अटल निर्माण वर्ष घोषित कर रहे हैं। प्रदेश में विकास कार्यों का लगातार निर्माण होगा।

### कांग्रेस सता का उपभोग ....

वंदन योजना भी चल रही है। कांग्रेस के लोग इसको बंद करने का भ्रम फैलाने का काम करते हैं। मैं कहता हूं महतारी वंदन योजना चलेगी, लेकिन कांग्रेस का खोटा सिक्का नहीं चलेगा। कांग्रेस का भविष्य जरूर बंद हो जाएगा, लेकिन महतारी वंदन योजना बंद नहीं होगी। उन्होंने कहा, भाजपा हमेशा जवाबदेही की राजनीति करती है, तभी तो एक साल में हमारी सरकार अपनी रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश करने का दम दिखाती है। उन्होंने कहा, साय सरकार ने मोदी की गारंटी के वादों को पूरा करने का काम किया है। श्री नड्डा ने कहा, नक्सलवाद को भी साय सरकार मुंहतोड़ जवाब दे रही है। मैं छत्तीसगढ़ का प्रभारी भी रहा हूं, पहले बस्तर में वहां के अधिकारी चार बजे के बाद कहीं भी जाने से रोकते थे। आज स्थिति बदल गई है। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के समय हमारे प्रधानमंत्री आए थे तो नारा दिया था, अब नहीं सहिबो, बदल के रहिबो, आपने उनके नारे को सच किया। अब जब आपने सही सरकार को चुन लिया है तो अब इस नारे पर कायम रहें, अब नहीं बदलियो, वहीं के वहीं रहियो।

### ये रहे उपस्थित .....

की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय, पूर्व राज्यपाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश बैस, भाजपा के विधायक और प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित थे। स्वागत भाषण भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने दिया। आभार प्रदर्शन डिप्टी सीएम अरुण साव ने किया।

## एनआईए की टीम पर हमले के मामले में 100 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम पर हमले के मामले में पुलिस ने 100 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, एनआईए की टीम विदेशी फंडिंग के एक मामले में जांच और पूछताछ करने के लिए मुफ्ती खालिद के घर पहुंची थी। इस छापेमारी के दौरान ग्रामीणों ने टीम को रोकने की कोशिश की और हमला कर दिया। एनआईए की टीम ने पहले मुफ्ती खालिद के रिश्तेदार साबिर नदवी से पूछताछ की थी। साबिर नदवी से पूछताछ के बाद टीम खालिद के घर पहुंची। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। जब टीम द्वारा मुफ्ती खालिद को हिरासत में लेने की कोशिश की गई स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। हंगामे के बाद एनआईए की टीम ने पुलिस फोर्स की मदद लेनी पड़ी।

- **झांसी मुफ्ती मामला : छापेमारी के दौरान किया था हमला**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना के बाद खालिद के घर के बाहर मस्जिद से यह घोषणा की गई कि एनआईए की कार्रवाई के दौरान मुफ्ती खालिद को किसी से मिलने की इजाजत नहीं दी जा रही थी। इस घोषणा के बाद लोग इकट्ठा हो गए और उनकी भीड़ ने एनआईए की टीम पर हमला किया। उन्होंने खालिद को छुड़ाने के लिए उग्र प्रदर्शन किया लेकिन एनआईए की टीम ने स्थिति को नियंत्रित किया और खालिद को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, यह जांच विदेशी फंडिंग के मामले में की जा रही थी।

# भारत के अलावा कुछ ही देशों में है दहेज विरोधी कानून

**कई देशों में ब्राइड मनी पर रोक के लिए बने नियम**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या ने देश में नई बहस छेड़ दी है। हमारे यहां दहेज और घरेलू हिंसा के खिलाफ कड़े कानून हैं, जो महिलाओं की सुरक्षा पक्की करते हैं। वहीं अतुल के मामले में यह दिख रहा है कि शायद इस कानून के चलते कई झूठे मामले भी दर्ज हो रहे हैं। खुद सुप्रीम कोर्ट ने सेक्शन 498ए को लेकर कहा कि इसके गलत इस्तेमाल की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी यह कानून अपने मकसद को पूरा भी नहीं कर सका कि उल्टा पड़ने लगा।

### भारत के अलावा और किन देशों में दहेज विरोधी कानून

- पाकिस्तान में भी शादी में लेनदेन की परंपरा है। इसे रोकने के लिए डावरी एंड ब्राइडल गिफ्ट्स रेस्ट्रिक्शन एक्ट 1976 है।
- बांग्लादेश और नेपाल में भी दहेज का चलन है और इसके खिलाफ कानून भी है।
- बाकी एशियाई देशों में शादी के समय तोहफों का लेनदेन तो होता है लेकिन दहेज का परंपरागत रूप नहीं

**ग्रीस में भी दहेज का इतिहास :** यूरोपीय देश ग्रीस में भी दहेज का इतिहास रहा है। ये भारत की तर्ज पर ही था।अस्सी के दशक में वहां की तत्कालीन सरकार ने इसे गैरकानूनी घोषित कर दिया। लेकिन अब भी परंपरागत तौर पर ये होता है, हालांकि दहेज के लिए हिंसा जैसे मामले वहां नहीं सुनाई देते। कई और मुस्लिम बहुल देशों जैसे तुर्की में भी लेनदेन हुआ करता था लेकिन चूंकि यहां मेहर भी दी जाती है इसलिए मांग के चलते मारपीट जैसी घटनाएं नहीं होतीं। या कम से कम खबरों में नहीं आतीं।

**लोबोला पर कंट्रोल के लिए नियम :** कई मामलों में लड़की पक्ष की मांग पूरी न कर पाने के चलते लड़के शादी ही नहीं कर पाते। या इसकी वजह से कर्ज लेना भी आम हो चुका था ताकि महंगे तोहफे दिए जा सकें। फिलहाल कई अफ्रीकी देश इसे रोकने के लिए कानून बना चुके।

### क्या है धारा 498ए

इसके तहत क्रूरता का मतलब है कोई भी ऐसा व्यवहार जिसे महिला को गंभीर शारीरिक या मानसिक नुकसान हो, या उसके भीतर खुद को ही नुकसान पहुंचाने की इच्छा आ जाए, या फिर एक्सट्रीम तक जाकर उसने आत्महत्या कर ली हो. महिला से पैसों या कीमती चीजों की मांग करना, और उसे पूरा करने का दबाव बनाना भी इसी सेक्शन का हिस्सा है। गैरजमानती इस धारा में पुलिस बिना वारंट के भी पति या उसके परिवार को गिरफ्तार कर सकती है। कुल मिलाकर ये बहुत सख्त धारा थी, जिसका मकसद महिलाओं की सुरक्षा था।लेकिन इस सख्ती के साथ कई झोल होने की वजह से इसके गलत उपयोग की खबरें भी आने लगीं। फिलहाल अतुल के मामले को भी इसी श्रेणी में रखा जा रहा है। अब आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू हो चुकी है और इसमें धारा 498ए जैसे प्रावधान धारा 85 के तहत हैं लेकिन उनका भी निचोड़ वही है।

### इन देशों में चलता है ब्राइड प्राइस

*दहेज के बारे में आमतौर पर माना जाता है कि ये पत्नी पक्ष की तरफ से पति या उसके परिवार को मिलता है लेकिन कई देशों में इससे ठीक उलट चलन भी है। जैसे अफ्रीका के ज्यादातर देशों में लोबोला नाम का कस्टम है। इसमें लड़की को फ्यूचर में बच्चों को जन्म देने या घर संभालने के लिए पहले से ही शुक्रिया बोला जाता है। इसके तहत शादी के दौरान वर पक्ष, लड़की वालों को तोहफे देता है। अक्सर ये पैसों के अलावा मवेशी या जरूरत की चीजें होती हैं। हालांकि इसका इतना दबाव बन गया कि ये दहेज की तरह ही परेशान करने लगा।*

## विवादित टिप्पणी करने वाले जज यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस

**सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः मांगी है इलाहाबाद हाईकोर्ट से रिपोर्ट, सिब्बल समेत 55 सांसदों ने किए हस्ताक्षर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों के लिए कथित तौर पर की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का नोटिस दिया है। प्रस्ताव में कपिल सिब्बल, दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा सहित 55 विपक्षी दलों के सांसदों के हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस में न्यायाधीश पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप है। राज्यसभा में न्यायाधीश यादव के खिलाफ विपक्ष ने महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का यह नोटिस ऐसे समय दिया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने उनके बयानों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से रिपोर्ट देने को कहा है।

नोटिस में विपक्षी सांसदों ने सभापति से प्रस्ताव को तुरंत स्वीकारने और न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने की अनुमति मांगी है। नोटिस में कहा गया है कि न्यायाधीश की सार्वजनिक टिप्पणियां भड़काऊ व पूर्वाग्रह से ग्रसित है।

**क्या है न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया:** संविधान के अनुच्छेद 124(4), (5), 217 और 218 में न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रियाओं के बारे में बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के किसी न्यायाधीश को हटाने के लिए संसद के किसी भी एक सदन में नोटिस पेश करना होता है। लोकसभा में नोटिस पेश करने के लिए कम से कम 100 और राज्यसभा में पेश करने के लिए कम से कम 50 सांसदों का समर्थन जरूरी होता है।

### सम्मान...



भाजपा के युवा नेता उज्ज्वल दीपक को राजनीति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नेतृत्व क्षमता और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों के लिए ऋषिहुड यूनिवर्सिटी द्वारा प्रतिष्ठित यंग लीडर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम ऋषिहुड यूनिवर्सिटी सोनीपत द्वारा दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया था। भारत सरकार के पूर्व रेल मंत्री सुरेश प्रभु और प्रसिद्ध उद्योगपति अजय पीरामल द्वारा यह अवार्ड उज्ज्वल दीपक को प्रदान किया गया। यंग लीडर्स अवार्ड से सम्मानित करने के लिए मैं पूरे विश्वविद्यालय परिवार का आभारी हूँ। मुझे प्रसन्नता है की मेरे द्वारा किए जा रहे राजनीतिक और सामाजिक कार्यों को विश्वविद्यालय ने इस अवार्ड के माध्यम से प्रोत्साहित करते हुए मुझे देश की राजनीति में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की है।

### जगन रेड्डी के मानहानि मुकदमे पर मीडिया से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी द्वारा दायर 100 करोड़ रुपये के मानहानि के मामले में विभिन्न मीडिया संस्थानों से जवाब मांगा है। रेड्डी ने अमेरिका में अदाणी समूह के खिलाफ अभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके बारे में कथित तौर पर मानहानिकारक खबरें प्रकाशित करने को लेकर यह मुकदमा दायर किया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने मीडिया संस्थानों और उनके संपादकों तथा 'सर्च इंजन' गूगल को समन जारी करते हुए मुकदमे के जवाब में लिखित बयान दाखिल करने को कहा।

## पेज एक के शेष

### दान के खून से...

दानदाताओं ने रक्तदान किया। एम्स के चिकित्सकों ने जब उन्हें बताया कि निहाली ब्रेनडेड हो चुकी है, तो उन्होंने उसके अंगों के जरिए विभिन्न बीमारी की वजह से कष्ट झेल रहे मरीजों को नया जीवन देने का फैसला लिया।

### जवानों ने मारे दो...

को मट्टेड़ एरिया कमेटी के सशस्त्र नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद डीआरजी, कोबरा, यंग प्लाटून और केरिपु की संयुक्त टीम गुरूवार की रात को नेण्ड्रा-पुन्नुर की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है।

### राशन कार्ड में...

अधिक कोर्ड को रद्द किया जा सकता है, क्योंकि बार-बार नवीनीकरण की तारीख बढ़ाए जाने के बाद भी धारक कार्ड को नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं। इससे पूर्व नवीनीकरण की 31 अक्टूबर अंतिम तारीख तय की गई थी, लेकिन शेष बचे कार्ड धारकों की संख्या अधिक होने के कारण शासन ने धारकों को अंतिम मौका देते हुए नवीनीकरण की तारीख 2 फरवरी 2025 तक बढ़ा दी है।

**मृत सदस्यों के नाम काटे जा रहे** : मृत्यु हो चुकी सदस्यों के नाम की जानकारी सभी राशन दुकानों से एकत्र की जा रही है। अब तक करीब 6 हजार सदस्यों का पता चला है, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इन सभी के नाम काटे गए हैं।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### केवाइसी की अंतिम...

की संख्या साढ़े चार लाख से अधिक है। इस तरह दिसंबर के बाद केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम भी राशन कार्ड से काट दिए जाएंगे।

### सट्टा किंग सौरभ और...

आ रहे हैं। इसके बाद से पुलिस ने इन सभी की कुंडली को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आयोजन में 5000 से ज्यादा लोग शामिल थे। इनमें 1 हजार से ज्यादा छत्तीसगढ़ और विशेषकर भिलाई के रहने वाले थे, जिनके परिवार के लोग आज भी भिलाई में रह रहे हैं। उनकी जीवन शैली पिछले 10 सालों में बदल गई है। पुलिस ऐसे 1 हजार से ज्यादा लोगों की कुंडली खंगाल रही है, साथ ही उनके रिश्तेदारों के बैंक खाते और फोन नंबर ट्रेस कर जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

दुर्ग पुलिस ने सौरभ चंद्राकर और उसके करीबियों पर एक बार फिर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसके लिए पुलिस कथा में शामिल लोगों की पहचान जुटाने में जुटी हुई है। खबर है कि भिलाई-दुर्ग से लोग बड़ी संख्या में दुबई में सौरभ चंद्राकर के पास नौकरी कर रहे हैं। उनका परिवार भिलाई-दुर्ग में निवासरत है। प्रतिमाह लाखों रुपए का वेतन उनके परिवार के लोगों को ट्रांसफर किया जा रहा है। इधर, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच के केंद्रीय अध्यक्ष पूरन लाल साहू ने पीएम, सीएम के नाम कलेक्टर को शिकायत की है कि महादेव सट्टा ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को दुबई में गिरफ्तार करने और उसे जल्द प्रत्यार्पण संधि कर के दुबई से भारत लाने की जानकारी सरकार ने दी थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी शासन मौन हैं। सौरभ चंद्राकर दुबई शिव महापुराण कथा पंडित प्रदीप मिश्रा का कराया गया है। इसमें महादेव ऐप का पैसा लगा हुआ है। उन्होंने अनैतिक काम करने वाले सभी की गिरफ्तारी की मांग की है।

**महादेव सट्टा एप का नाम बदल कर काम** : खबरों के मुताबिक महादेव सट्टा एप पर लगातार पुलिस की कार्रवाई के बाद प्रमोटरों द्वारा अपना सारा सिस्टम को दूसरे एप में ट्रांसफर का काम दो माह से चल रहा है। महादेव एप बदनाम होने के बाद अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया है। लेकिन प्रमोटरों द्वारा अपना कारोबार देशभर में नाम बदलकर अब भी चला रहे हैं। इसमें काम करने के लिए सबसे अधिक लोग भिलाई-दुर्ग के दुबई पहुंचे हैं। दुर्ग पुलिस इससे जुड़े लोगों की हर जानकारी, मोबाइल नंबर ट्रेस करने में जुटी हुई है। आने वाले दिनों में पुलिस बड़ा खुलासा हो सकता है।

### आज आएंगे अमित...

दिल्ली लौट जाएंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक श्री शाह शनिवार को रात 9.25 बजे दिल्ली से रायपुर के लिए निकलेंगे। यहां पर रात्रि को 11.10 बजे पहुंचेंगे। रायपुर एयरपोर्ट से सीधे मेफेयर रिसोर्ट जाएंगे और वहां पर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन रविवार को श्री शाह राजधानी रायपुर में सुबह 11:00 बजे पुलिस ग्राउंड में राष्ट्रपति पुलिस कलर्स अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद दोपहर पौने दो बजे रायपुर से बस्तर जाएंगे। दोपहर 2:50 बजे इंदिरा प्रियदर्शनी खेल मैदान में बस्तर ओलंपिक के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। खेलों के समापन के बाद खेल मैदान में ही सुरक्षाबल अधिकारियों और जवानों के साथ नक्सल अभियान की समीक्षा करेंगे। शाम सवा पांच बजे भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद उनका रात को डिनर का कार्यक्रम है। इसमें कई खास लोगों को आमंत्रित किया गया है। वे रात्रि विश्राम जगदलपुर में करेंगे। सोमवार को श्री शाह अमर वाटिका में सुबह 10:30 से 11:15 बजे तक अमर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं शहीद परिवार तथा वामपंथी उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के परिजनों से चर्चा करेंगे। सुबह साढ़े ग्यारह बजे जगदलपुर से गुप्त स्थान के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12:30 से 2:00 तक अमित शाह गुप्त बैठक करेंगे। दोपहर 3:00 बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए करेंगे प्रस्थान करेंगे। रायपुर के मेफेयर रिजॉर्ट में शाम 4:15 से 5:45 बजे तक सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक में लेंगे। इसके बाद शाम 6:00 बजे दिल्ली लौट जाएंगे।

### यह 'संघ का विधान' ...

के प्रति सरकार के दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने सवाल किया कि क्या मौजूदा सरकार मौजूदा संविधान के बिना सफल हो पाती। प्रियंका ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संभल और मणिपुर में हुई हिंसा की घटनाओं से अप्रभावित हैं और उन्हें यह समझ में नहीं आया है कि संविधान संघ की नियम पुस्तिका नहीं है।

संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के 14 वें दिन संविधान के 75 साल पूरे होने पर विशेष चर्चा हुई। चर्चा की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। राजनाथ ने कांग्रेस पर संविधान बदलने, चुनी हुई सरकारों को गिराने, संविधान से ऊपर अपना स्वार्थ पूरा करने, इमरजेंसी के जरिए संविधान को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। राजनाथ के बाद विपक्ष की ओर से प्रियंका गांधी ने कहा- रक्षा मंत्री संविधान निर्माताओं में नेहरू जी का नाम नहीं लेते। जहां जरूरत होती है, वहां जरूर लेते हैं। पहले क्या हुआ, उसे अब बताने का क्या मतलब है। अभी सरकार आपकी है, आपने क्या किया, जनता को ये बताइए।

**कई पार्टियों ने की संविधान को हाईजेक करने की कोशिश** : रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ पार्टियों ने संविधान निर्माण के काम को हाईजैक करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान को केवल एक पार्टी की देन बताने का माहौल बनाया गया है।

## राशिफल

**मेष:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन:** परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या:** खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला:** कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर:** कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन:** लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## सीरिया में पहचाने नहीं जा रहे शव; आंखें तक गायब

**असद की जेलों में ऐसा हुआ हाल**

एजेंसी ▶▶| दमिश्क

सीरिया में प्रेसीडेंट बशर अल असद का पतन हो चुका है। असद ने अपने शासनकाल के दौरान लोगों पर काफी जुल्म ढाए। जरा-जरा सी बात पर लोगों को जेल में डाल दिया जाता था। जेल में बंद तमाम लोगों की जान जा चुकी है। असद का शासन खत्म होने के बाद इन जेलों से शवों को निकाला जा रहा है।

मॉर्चरी हाउस में बड़ी संख्या में लोग अपने करीबियों का शव लेने के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि शवों की हालत ऐसी है कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा है। मोहम्मद चईब नाम के शख्स का शव ऐसी ही हालत में मिला। उनकी आंखें तक निकली हुई थीं। चईब ने कहा, ऐसा लगता है कि वह चीख-चीखकर मर गया होगा। अनुमान के मुताबिक 2011 से सीरिया में डेढ़ लाख लोगों को हिरासत में लिया गया है। बशर अल असद के खिलाफ जरा सी भी आवाज उठाने वालों की जगह जेल होती थी।चईब के भाई को पांच साल पहले जेल हुई थी। वह राष्ट्रपति असद द्वारा बनाए गए उस जेल में था, जिसमें किसी का पता नहीं चलता।

## बाइडेन का क्षमादान, 1500 लोगों के गुनाह किए माफ, 4 भारतवंशी भी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो रहा है। लेकिन वह कार्यकाल की समाप्ति से पहले कई बड़े फैसले लेने में जुटे है। इसी दिशा में उन्होंने अमेरिकी जेलों में बंद 1500 कैदियों की सजा माफ कर दी है। इनमें चार भारतीय मूल के अमेरिकी भी है। राष्ट्रपति बाइडेन ने जारी बयान में कहा कि अमेरिका संभावना और दूसरा मौका देने के वादे की आधारशिला पर खड़ा है। राष्ट्रपति होने के नाते मेरे पास ऐसे लोगों को क्षमा करने का विशेषाधिकार है जिन्हें अपने किए पर पछतावा और दुख है और जो अमेरिकी समाज की मुख्यधारा में वापस लौटना चाहते है। इनमें विशेष रूप से ड्रग्स के मामलों में दोषी ठहराए गए लोग शामिल है।



- **राष्ट्रपति की कुर्सी से हटने से पहले बड़ा फैसला**

उन्होंने कहा कि इसलिए आज मैं ऐसे 39 लोगों की सजा माफ कर रहा हूं। मैं ऐसे लगभग 1500 लोगों की सजा भी कम करने में जुटा हुआ हूं। इनमें से कुछ की सजा घटाई जाएगी। बता दें कि अमेरिका में हाल के समय में यह एक दिन में दी गई सबसे बड़ी माफी है। दरअसल दिसंबर 2012 में धोखाधड़ी का दोषी ठहराए जाने की वजह से उन्हें डॉ. मीरा सचदेवा को 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी और उन पर 82 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया था। बाइडेन ने सबसे पहले ऐसे 39 अपराधियों की सजा माफ कर दी जो हिंसक अपराध में शामिल नहीं थे। बाइडेन ने जिन चार भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों की सजा माफ की है। उनका नाम मीरा सचदेवा, बाबूभाई पटेल, कृष्णा मोटे और विक्रम दत्ता है।

## शब्द पहेली - 5715



**बाएँ से दाएं**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

### शब्द पहेली- 5714 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | य | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | य | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकू नवताल - 5726

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5725 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

*लेबनान के रास्ते हुई निकासी, इजरायल में सभी सेफ*

# भारत ने सीरिया से सुरक्षित निकाले अपने 77 नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में फंसे भारतीयों की वापसी को लेकर विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अब तक सीरिया से 77 भारतीयों को सुरक्षित निकाला गया है। ये वे लोग हैं, जिन्होंने भारत लौटने की इच्छा जताई थी। वहीं, अन्य भारतीय नागरिक जो वहां स्थायी रूप से रह रहे हैं, यदि वे लौटना चाहें तो उनकी वापसी में भी सरकार मदद करेगी।



**सीरिया से 77 भारतीयों की सुरक्षित वापसी**

प्रवक्ता ने बताया कि सीरिया से निकाले गए 77 भारतीयों को लेबनान के रास्ते सुरक्षित भारत लाया गया। सीरिया और लेबनान में भारतीय दूतावास ने इस प्रक्रिया में नजदीकी तालमेल के साथ काम किया। भारतीय नागरिकों को सड़क मार्ग से लेबनान लाया गया, जहां से उन्हें इमिग्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इन 77 लोगों में से 44 लोग धार्मिक स्थलों की यात्रा पर थे, जो अब बेरूत से आगे की यात्रा के लिए निकल चुके हैं।

### ये है मामला

गौरतलब है कि सीरिया में विद्रोही बलों ने राष्ट्रपति बशर असद की सरकार को उखाड़ फेंका है। अब वहां विद्रोहियों का शासन है। विद्रोहियों ने सीरिया में कई अन्य प्रमुख शहरों और कस्बों पर कब्जा करने के बाद राजधानी दमिश्क पर भी नियंत्रण कर लिया था। विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) द्वारा दमिश्क पर नियंत्रण कर लिए जाने के बाद असद देश छोड़कर भाग गए, जिससे उनके परिवार के 50 साल के शासन का अंत हो गया। रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि असद मॉस्को में हैं और उन्हें शरण दी जाएगी।

---

सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच हुई तीखी झड़प

# मैं किसान-मजदूर का बेटा हूं आप विपक्षी नेताओं को बेइज्जत कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

माना जा रहा था कि संविधान पर सोमवार को चर्चा से पहले शुक्रवार को उच्चसदन की कार्यवाही अपेक्षाकृत शांत ढंग से चलेगी, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच ऐसी झड़प हुई कि शायद उच्चसदन की इतिहास में ऐसा पहले कभी न हुआ हो! दोनों के बीच तल्ख बॉडी लैंग्वेज के साथ तीखी संवाद अदायगी हुई। उसके बाद सुबह के समय ही सभापति ने सदन की कार्यवाही सोमवार के लिए स्थगित कर दी। दो दिन पहले सभापति के खिलाफ पांच दर्जन से अधिक विपक्षी नेताओं ने मिलकर अविश्वास प्रस्ताव मूव किया। आरोप लगाया गया कि सभापति विपक्षी नेताओं के साथ हेडमास्टर से रुख अपनाते हैं। बेइज्जत करते हैं। सत्ता पक्ष के प्रति झुकाव उनका ज्यादा रहता है। उनके प्रवक्ता सा बर्ताव करते हैं। तब से सभापति और विपक्ष के बीच सदन के अंदर तनातनी स्पष्ट देखी जा रही थी। लेकिन शुक्रवार को सभापति के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से कहा, मैं किसान का बेटा हूं। किसी परिस्थिति में भी कमजोर नहीं पड़ूंगा। आपको बहुत बार संग साथ बैठक के लिए बुलाया लेकिन आप नहीं आए। अभी आप आसंदी पर आरोप नहीं लगा रहे बल्कि संवैधानिक संस्था का अपमान कर रहे हैं।





### खड़गे ने किया पलटवार

इस पर उसी आक्रामक तेवर में जवाब देते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आप किसान के बेटे हैं तो मैं किसान मजदूर का बेटा हूं। आप विपक्षी नेताओं को बेइज्जत करते हैं और खुद की इज्जत करने की बात करते हैं! उन्होंने सभापति से कहा कि आपसे कहीं ज्यादा चुनौतियां मैंने झेली हैं। हम सब यहां आपकी प्रशंसा सुनने नहीं आए हैं। खड़गे ये बात भाजपा के सुरेंद्र नागर की बात सुनकर कही। नागर ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि आसंदी पर किसान का बेटा बैठा है ये बातें विपक्षी नेताओं को हजम नहीं हो रही वे अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं। भाजपा के राधा मोहन अग्रवाल ने तो अविश्वास प्रस्ताव पर दस्तखत करने वाले सभी सांसदों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव रखने की इजाजत सभापति से मांगी।

### सदन में फ्री फॉर ऑल जैसा माहौल

राज्यसभा में जब सभापति और विपक्ष के नेता के बीच तीखा संवाद चल रहा था उस समय सदन में फ्री फॉर ऑल जैसा माहौल था। विपक्ष के संजय सिंह और डेरेक ओ ब्रायन जहां जोर-जोर से बोल रहे थे, वहीं कांग्रेस के सभी सांसद अपनी सीट से खडे होकर एक के बाद एक भाजपा सांसदों को बिना नियम बताये बोलने की इजाजत सभापति द्वारा देने पर विरोध दर्ज कर रहे थे। डीएमके संसदीय दल के नेता तिरुचि शिवा को सभापति ने बोलने का मौका दिया तो उन्होंने नियम 238 के हवाले से कहा कि किसी भी सांसद के खिलाफ बिना सभापति की पूर्व सहमति के कोई भी सदस्य सदन में आरोप नहीं लगा सकता लेकिन भाजपा नेताओं ने ऐसा किया है। उन्होंने सोनिया गांधी सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं का नाम लिया है उसे रिकार्ड से हटाना चाहिए।

---

*लोकसभा में जमकर हुआ हंगामा*

# सांसद महुआ ने किया जज लोया की मौत का जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने शुक्रवार को लोकसभा में जज बीएच लोया की मृत्यु पर एक संक्षिप्त टिप्पणी की, इस पर सदन में जमकर हंगामा हुआ है। हंगामा इतना बढ़ा कि लोकसभा अध्यक्ष को सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की। रिजिजू ने कहा कि अध्यक्ष ने मामले को संज्ञान में लिया है। इस मसले पर हम लोगों की तरफ से उचित संसदीय कार्यवाई की जाएगी। इस तरह की टिप्पणी करना गलत परंपरा है। लोकसभा में शुक्रवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने जस्टिस लोया की मौत पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जस्टिस लोया तो अपने समय से बहुत पहले ही इस दुनिया से विदा हो गए। मोइत्रा की ओर से सवाल उठाए जाने के बाद संदन में हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ने संदन को आधे घंटे के लिए स्थगित कर दिया।



### लोया की मौत को लेकर टिप्पणी

भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर आयोजित बहस में भाग लेते हुए, महुआ मोइत्रा ने बीएच लोया की मृत्यु पर एक संक्षिप्त, लेकिन विवादास्पद टिप्पणी की। उन्होंने आलोचनात्मक आवाजों को चुप कराने के लिए संस्थानों और विपक्षी नेताओं को कथित रूप से निशाना बनाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला किया। इस मामले पर हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार थोड़ी-थोड़ी देर के लिए स्थगित हुई। लोकसभा को संबोधित करते हुए महुआ मोइत्रा ने 'बुलडोजर जस्टिस' को लेकर भी भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियां सरकार का जबरन वसूली विभाग बन गई हैं।

---

**आधिकारिक वेबसाइट पर भेजा गया ई-लेटर**

# रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी, रूसी भाषा में आया ई-मेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के 30 स्कूलों और मुंबई में स्थित भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर गुरुवार की दोपहर को रूसी भाषा में यह धमकी भरा ई-मेल आया। इससे पहले 16 नवंबर को आरबीआई के कस्टमर केयर को धमकी दी गई थी। धमकी के बाद पुलिस अलर्ट पर है। मुंबई पुलिस के जोन 1 के डीसीपी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मेल में दावा किया गया था कि आरबीआई की बिल्डिंग में इम्प्रूवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) रखा है जिसे 5 दिन में रिमोट से एक्टीवेट किया जाएगा। मेल में आरबीआई गवर्नर से रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन के साथ जुड़ने की बात कही है। मेल आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद आया है। वहीं, दिल्ली के 30 स्कूलों को भी शुक्रवार को धमकी मिली।



### केजरीवाल के ट्वीट

केजरीवाल ने ट्वीट किया धमकी वाले मेल मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी हफ़्ते में दूसरी बार दिल्ली के स्कूलों को बम की धमकी मिली है, जो बेहद गंभीर और चिंताजनक है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो बच्चों पर कितना बुरा असर पड़ेगा? उनकी पढ़ाई का क्या होगा? केजरीवाल ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था को लेकर अमित शाह से जवाब मांगा।

---

## 'उपग्रह स्पेक्ट्रम का आवंटन 'पहले आओ, पहले पाओ' की तर्ज पर नहीं'

नई दिल्ली। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम का आवंटन 2जी सेवाओं की तरह 'पहले आओ, पहले पाओ' की तर्ज पर नहीं किया जाएगा। सिंधिया ने यहां 'भारत आर्थिक सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करना संभव नहीं है क्योंकि इससे विज्ञान जुड़ा हुआ है और किसी भी देश ने इसके लिए रेडियो तरंगों की नीलामी नहीं की है। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो सैटेलाइट स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो क्योंकि इसकी नीलामी करना भौतिक रूप से असंभव है।

---


**कार्यालय कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
Email ID - gariaband.cg.gov.in

// आम सूचना //

क्र./354/कले./न.पा.नि./2024-25 गरियाबंद, दिनांक 13/12/2024

छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्र. एफ 1-139/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 10.12.2024 के तहत प्रदेश के नगर पालिका निगम / नगरपालिका परिषद / नगर पंचायत के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही हेतु संबंधित जिले के कलेक्टर को विहित अधिकारी नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर का आदेश क्रं. एफ 1-139/2024/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 12.12.2024 के निर्देशानुसार जिला गरियाबंद के अंतर्गत नगरपालिका / नगरपंचायतों के निर्वाचन वर्ष 2024-25 हेतु वार्डो का आरक्षण निम्नानुसार किया जाना है :-

| क्र. | नगर पालिका/नगर पंचायत का नाम | वार्डें की संख्या | स्थान, तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद, गरियाबंद | 15 वार्ड | ऑक्शन हॉल गरियाबंद दिनांक 19.12.2024 दिन गुरूवार समय दोपहर 12:00 बजे |
| 2 | नगर पंचायत, छुरा | 15 वार्ड | |
| 3 | नगर पंचायत, फिंगेश्वर | 15 वार्ड | |
| 4 | नगर पंचायत, राजिम | 15 वार्ड | |
| 5 | नगर पंचायत, कोपरा | 15 वार्ड | |

उपरोक्तानुसार वार्डो के आरक्षण की प्रक्रिया में यदि कोई नागरिक उपस्थित रहना चाहते है तो निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल पर उपस्थित रह सकते है। विहित प्राधिकारी द्वारा उपस्थित नागरिकों के समक्ष आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न की जावेगी।

कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी
जिला-गरियाबंद, (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 45 / न.पा.नि./ लोनिवि / 24-25 अम्बिकापुर दिनांक 13/12/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निकाय क्षेत्र के जोन क्रमांक 04 व्यवसायिक क्षेत्र एवं सिटी प्रोफाईल अनुसार विभिन्न मुख्य स्थलों पर 2डी एवं 3डी आर्ट कार्य (IEC कार्य) हेतु कुल राशि रूपये 19.89 लाख के कार्य की निविदा निर्धारित निविदा प्रपत्र "ब" में आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य की निविदा की विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के बेइसाईट https://uad.cg.gov.in/ में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त, नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)













---

## दो बांग्लादेशी घुसपैठिये पकड़े गये, 1,000 की पहचान

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा और अवैध रूप से रह रहे 1,000 से अधिक अन्य बांग्लादेशियों की पहचान की है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) रवि कुमार सिंह ने कहा, "हमने अपने अभियान के दौरान 1,000 से अधिक लोगों की पहचान की और कालिंदी कुंज तथा हजरत निजामुद्दीन क्षेत्र से दो लोगों को पकड़ा।" दिल्ली पुलिस ने बुधवार को शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया।

---

**पटना में बीपीएससी परीक्षा के दौरान हंगामा**

# कलेक्टर ने प्रदर्शनकारी छात्र को मारा थप्पड़... मचा बवाल

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के पटना में बीपीएससी परीक्षा के दौरान छात्रों ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इसके बाद मौके पर पटना के डीएम भी पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने छात्रों को समझाने की कोशिश की। इसी बीच एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पटना के डीएम छात्र को थप्पड़ मारते हुए दिख रहे हैं। बता दें कि बीपीएससी की परीक्षा में प्रश्न पत्र को लेकर परीक्षार्थी हंगामा कर रहे थे। प्रश्न पत्र वायरल होने का आरोप लगाते हुए परीक्षा के दौरान ही अभ्यर्थी पेपर और ओएमआर शीट लेकर बाहर आ गए। उन्होंने प्रश्न-पत्र भी फाड़ दिए।



### छात्रों ने किया हंगामा

दरअसल, 70वीं बीपीएससी की परीक्षा में प्रश्न पत्र को लेकर परीक्षार्थियों ने हंगामा किया। यहां पटना के बापू परीक्षा भवन में अभ्यर्थियों ने हंगामा किया। बीपीएससी परीक्षा में ऐसा शायद ही कभी हुआ होगा। परीक्षार्थियों ने बातचीत में बताया कि कई कमरों में प्रश्न-पत्र छात्रों को दिया ही नहीं गया, जिन छात्रों को दिया भी गया उनको काफी देर से दिया गया। अतिरिक्त समय देने की बात उनको कही गई, लेकिन जिन छात्रों को प्रश्न मिला ही नहीं उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। ऐसे में जिन्हें प्रश्न-पत्र मिला भी वो भी परीक्षा ठीक से नहीं दे सके और ओएमआर सीट लेकर बाहर आ गये।

---


**कार्यालय नगर पंचायत पवनी, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
Email ID_cmonppawani@gmail.com

क्रमांक/451/ न.पं./ लो.नि.वि./ टेण्डर/2024-25 पवनी, दिनांक 13/12/2024

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत नगर पंचायत पवनी क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत, नीचे वर्णित कार्यों के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति के माध्यम से निविदा फार्म A में पीडब्ल्यूडी भवन एसओआर 01.01.2015 एवं ईलेक्ट्रिकल एसओआर 01.06.2020 अन्तर्गत निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नानुसार है-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 23/12/2024 समय 5:00 बजे सायं तक।
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय की तिथि - 26/12/2024 समय 5:30 बजे सायं तक।
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 03/01/2025 समय 3:00 बजे दोपहर तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय - 03/01/2025 समय 4:00 बजे सायं तक।

| स. क्र. | कार्य का विवरण | कुल लागत राशि (लाख में) | कुल अमानत राशि रू. में (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य समय अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 14 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य- 1. टिकेश कर्ष घर से अजय घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। 2. अनिल इलेक्ट्रानिक्स से कोदंवाई घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। 3. हेमलाल रात्रे घर से हास्टल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 19.26 | 14445 | 750 | 03 माह |
| 2 | वार्ड क्र. 13 राम कुमार किराना दुकान से खोलबहरा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.61 | 1958 | 750 | 03 माह |
| 3 | (1) वार्ड क्र. 01 तिजन घर से पिन्टु घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (2) वार्ड क्र. 01 रमतलहीन घर से मल्दी रोड तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य। | 11.26 | 8445 | 750 | 02 माह |
| 4 | वार्ड क्र. 15 बाजार चौक से हास्पिटल रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 19.71 | 14783 | 750 | 03 माह |
| 5 | (1) वार्ड क्र. 06 शिवप्रसाद घर से सैंधी तालाब तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (2) वार्ड क्र. 06 शिवप्रसाद घर से सैंधी तालाब तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.94 | 5205 | 750 | 03 माह |
| 6 | वार्ड क्र. 15/14 रामा घर से दर्री तालाब तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य। | 18.10 | 13575 | 750 | 03 माह |
| 7 | वार्ड क्र. 15 में कार्यालय परिसर में अतिरिक्त (पेवर ब्लाक, सी.सी. रोड, फेसिंग तथा मुख्य द्वार) निर्माण कार्य। | 8.60 | 6450 | 750 | 03 माह |
| 8 | वार्ड क्र. 14 अटल चौक से नरसिंग साहू घर तक विद्युत पोल विस्तार कार्य संपूर्ण फिटिंग सहित। | 19.79 | 14843 | 750 | 03 माह |
| 9 | वार्ड क्र.10/01 रमेश घर से नहर पार तक विद्युत पोल विस्तार कार्य संपूर्ण फिटिंग सहित। | 18.56 | 13920 | 750 | 03 माह |
| 10 | वार्ड क्र. 15 बस स्टैण्ड से साधु डेरा तालाब तक विद्युत पोल विस्तार कार्य संपूर्ण फिटिंग सहित। | 19.96 | 14970 | 750 | 03 माह |
| | योग | 144.79 | - | - | - |

नोटः- (1) निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें नगर पंचायत कार्यालय में कार्यालय दिवस-समय में देखी जा सकती है एवं विभागीय वेबसाइट http://www.uad.cg.gov.in में भी देखी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पवनी


---

## लाल किला हमारा कब्जा या मुआवजा दिलवाइए'

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सुल्ताना बेगम नामक महिला द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। अपनी याचिका में सुल्ताना ने लाल किले पर कब्जा करने की मांग की थी। साथ ही कहा था कि वो अंतिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वितीय के परपोते की विधवा है। इस याचिका में सुल्ताना बेगम नहीं हाई कोर्ट के सिंगल जज के दिसंबर 2021 की फैसले को चुनौती दी थी।

- दिल्ली हाईकोर्ट में बोली अंतिम मुगल बादशाह की बहू सुल्ताना

एक्टिंग चीफ जस्टिस विभू बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की पीठ ने देरी की वजह से इस याचिका को खारिज कर दिया। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि अपील ढाई साल से अधिक समय की देरी से दायर की गई है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, सुल्ताना बेगम ने बताया कि वह अपनी खराब सेहत और बेटी के निधन के कारण अपील दायर नहीं कर सकी थीं, लेकिन कोर्ट ने उनकी इस दलील को नहीं माना।




# रिलीज हुआ 'मूनवॉक' का ट्रेलर

**मुंबई।** कॉमेडी थ्रिलर सीरीज 'मूनवॉक' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज की कहानी डकैती, प्यार और वफादारी जैसे बहुत से पड़ावों से गुजरती नजर आ रही है। ये अनोखी कहानी दर्शकों के लिए जल्द आने वाली है। सीरीज का प्रीमियर 20 दिसंबर को जियो सिनेमा पर होगा। फिल्म में कॉमेडी के साथ रहस्य भरी कहानी दर्शकों को सुनने के लिए मिलेगी। इस सीरीज के ट्रेलर को देखते ही मुश्किल है कि आप अपनी हंसी रोक पाएं। ट्रेलर का डायलॉग है चोरी एक कला है और हम उसके कलाकार। फिल्म में एक तरफ प्रेम कहानी और रोमांस है, वहीं सस्पेंस भरी चोरी की दास्तां भी दिखाई दे रही है। सीरीज की उत्सुकता जताते हुए समीर कोचर ने कहा, मैडी डकैती की दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, और उसके सौम्य बाहरी आवरण के नीचे एक गहरा पहलू छिपा है।

लाइफ Style

# रश्मिका

## जमीन से जुड़े हुए शख्स हैं 'सिकंदर'



'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली यानी रश्मिका मंदाना जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म 'सिकंदर' में नजर आने वाली हैं। इसी बीच अभिनेत्री शूटिंग सेट का एक दिलचस्प वाक्या साझा करते हुए सलमान की तारीफ करती नजर आई हैं। रश्मिका मंदाना वर्तमान में अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'पुष्पा 2' की सफलता का आनंद ले रही हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री के अपोजिट अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं। इन सबके बीच, वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म 'सिकंदर' की तैयारी कर रही हैं, जिसमें वह सलमान खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। अभिनेत्री ने हाल ही में अपना उत्साह साझा किया और सुपरस्टार के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक हालिया बातचीत में रश्मिका ने सलमान की जमीन से जुड़ी शख्सियत की सराहना की। उन्होंने फिल्म सेट से एक मधुर पल भी साझा किया। उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल सपने के सच होने जैसा है। वह बहुत खास व्यक्ति हैं और बहुत जमीन से जुड़े हुए शख्स हैं। जब हम शूटिंग कर रहे थे तो सेट पर मेरी तबीयत ठीक नहीं थी।' रश्मिका मंदाना ने वाक्ये के बारे में आगे बताया, ' जैसे ही सलमान को इसके बारे में पता चला, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं ठीक हूं और चालक दल से कहा कि वे मुझे अच्छा खाना, गर्म पानी और सब कुछ दें।' उन्होंने आगे कहा, 'वह वास्तव में आपका ख्याल रखते हैं और आपको स्पेशल महसूस कराते हैं। मेरा मतलब है, वह देश के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं, लेकिन वह बहुत विनम्र और जमीन से जुड़े हुए हैं।'

# 'मर्दानी 3' का हुआ ऐलान



**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी एक बार फिर मर्दानी बनकर बड़े परदे पर लौट रही हैं। खाकी वर्दी में एक बार फिर वह धाक जमाती नजर आएंगी। अभिनेत्री की लोकप्रिय फ्रेंचाइजी 'मर्दानी' की तीसरी किस्त का शुक्रवार को ऐलान हुआ। अभिराज मीनावाला के कंधों पर इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा यानी रानी मुखर्जी के पति इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। यश राज फिल्म्स के इंस्टाग्राम पेज से फिल्म का ऐलान करते हुए एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी हिंट दिया गया है। यह फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इंतजार आखिर खत्म हुआ! रानी मखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में 'मर्दानी 3' में वापसी कर रही हैं'। 'मर्दानी' बॉलीवुड की सबसे बड़ी महिला आधारित फ्रेंचाइजी है। दर्शकों का इस फिल्म को खूब प्यार मिला। साल 2014 में आई मर्दानी के बाद साल 2019 में मर्दानी 2 रिलीज हुई। दोनों फिल्मों में रानी मुखर्जी का अंदाज दर्शकों को पसंद आया।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-

मो.: 9977345867

टीवी मसाला



# 'मुगल-ए-आज़मः द म्यूजिकल' नाटक लौट रहा है भारत

मुंबई। दिल्ली में प्रदर्शन से पहले, फ़िरोज़ अब्बास खान द्वारा निर्देशित इस संगीत नाटक का मंचन 9 जनवरी से 26 जनवरी तक मुंबई के एनएमएसीसी में किया जाएगा। 'मुगल-ए-आज़मः द म्यूजिकल' की भव्यता का अनुभव करें, क्योंकि यह 13 फरवरी को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने 300वें शो के अवसर पर दिल्ली लौटेगा। 550 से अधिक बेहतरीन वेशभूषा, राजसी सेट, लाइव गायन और शानदार कथक कोरियोग्राफी के साथ, इस प्रोडक्शन को भारतीय रंगमंच के इतिहास में सबसे शानदार में से एक के रूप में मनाया जाता है। शापूरजी पल्लोनजी (के. आसिफ की 1960 की ऐतिहासिक फिल्म 'मुगल-ए-आजम' का निर्माण करने वाली कंपनी) के संरक्षण में दीपेश सालगिया द्वारा निर्मित और प्रशंसित फिरोज अब्बास खान द्वारा निर्देशित, इस संगीतमय नाटक ने 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से आठ देशों में 275 से अधिक प्रदर्शनों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। दिल्ली में स्क्रीनिंग से पहले, इस संगीतमय नाटक का मंचन मुंबई में एनएमएसीसी में 9 जनवरी से 26 जनवरी, 2025 तक किया जाना है। सात ब्रॉडवे वर्ल्ड इंडिया पुरस्कारों के विजेता इस नाटक का नवीनतम मंचन सभी पीढ़ियों के लोगों को प्रेम, संघर्ष और कालातीत संगीत की काव्यात्मक कहानी को फिर से देखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करता है, साथ ही नई पीढ़ी को भारतीय रंगमंच की जीवंत कलात्मकता से परिचित कराता है।

# बिगबी के साथ गाना गाते नजर आए नाना पाटेकर



नई दिल्ली। 'केबीसी 16' के शुक्रवार एपिसोड में नाना पाटेकर और अमिताभ बच्चन की मस्ती और कुछ दिलचस्प बातें देखने को मिलने वाली है। दोनों अभिनेता शो में गाना गाते नजर आ रहे हैं। वहीं, कुछ पुराने डायलॉग्स भी अभिनेता कह रहे हैं। अमिताभ बच्चन के शो 'केबीसी' में नाना पाटेकर पहुंचे। इस शो में दोनों अभिनेताओं की मस्ती देखने को मिलने वाली है। मेकर्स ने शो का प्रोमो जारी किया है। इसमें दोनों अभिनेताओं का मजाक और गाने गाते नजर आएंगे। शो के प्रोमो में नाना पाटेकर बिग बी से कहते हैं, मेरे पास गाड़ी है, बंगला है तुम्हारे पास क्या है। इस पर अमिताभ बच्चन कहते हैं मेरे पास नाना पाटेकर हैं। शो में दोनों की मस्ती प्रशंसकों को भी खूब भाई है। प्रोमो पर भी फैंस ने शो को देखने की इच्छा जताई है। शो के प्रोमो में दोनों अभिनेता मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, नाना पाटेकर और अमिताभ बच्चन एक साथ केबीसी के सेट पर गाना गाते नजर आ रहे हैं। दोनों गाना गाते हैं, 'मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया। हर फिक्र को धुंए में उड़ाता चला गया।' नाना पाटेकर अपनी फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी में आए। फिल्म क्रिसमस के मौके पर बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर भी नाना पाटेकर बात करते दिखाई देने वाले हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

हमारा अशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life

संपर्क करें : 90181 81813

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

आवश्यकता है- HIS service हेतु, रायपुर, धमतरी, जगदलपुर एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ केलिए सिक्योरिटी गार्ड -37 सिक्योरिटी सुपरवाइजर -10, एरिया आफिसर -6 गनमेंन - 7, हॉउसकिपिंग बाई वेतनमान - 11000 से 19000 आधार कार्ड, मार्कसीट की छायाप्रति लेकर सम्पर्क करें- स्थान - कृष्णा प्लाजा, सुन्दरनगर रायपुर Mob - 8085435101, 7509025000. (RO-6448)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- OCEAN COMPANY को ऑफिस हेतु 10 से ग्रेजुएट 18 से 28 वर्ष के युवक /युवतीयों की आवश्यकता हे, आय 8500 से 18000 + रहना खाना , संपर्क करे, धरमपुरा ,जगदलपुर, 9644490606, 8818877409.(RO-2451)

आवश्यकता है- देवपुरी रायपुर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 26 वर्ष के अविवाहित युवको की आवश्यकता है सैलरी 10,000/- समय 10.30 से 8.30 संपर्क करें मोबाइल:- 9184481078 41, 9302708426. (RO-3155)

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- टाटा एस चलाने हेतु अविवाहित ड्राइवर चाहिए दिन व रात शिफ्ट हेतु - 4 पद आकर्षक वेतन रहने व खाने की सुविधा साथ ही ऑफिस कार्य हेतु ऑफिस बॉय (चपरासी) की आवश्यकता है। दोनों पद हेतु आयु सीमा 18 से 30 वर्ष इच्छुक संपर्क करें. 77720- 00594.(RO-1242)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

दुकान कार्य

आवश्यकता है- नवयुवकः दुकान काम माल दिखाना एवं माल जमाने हेतु।। सम्पर्कः- समय 10 से 3 बजे मोबाइल 7879311110, इयूटी 10 से 8 बजे संपर्क पता- श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, भाटागांव जलगृह मार्ग। (RO-3153)

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आवश्यकता है संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 8818833330. (RO-25)

आवश्यकता है- पम्प एंव नल फिटिंग पाइप दुकान में काम करने हेतु आवश्यकता, सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी15000, बजाज एंटरप्राइजेस स्टेशन रोड रायपुर 9644433085, 9425843865. (RO-1020)

आवश्यकता है- किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन (5) अंकों में अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्कः- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 98266-84859.(आरो न.-639)

क्लासीफाईड

सेल्स/मार्केटिंग

आवश्यकता है- न्यू मोबाइल, कवर, स्क्रीन गार्ड, एसेसरीज, दिखाने एवं बेचने 2-पद तथा मार्केटिंग हेतु सेल्समैन 2-पद एवं 1 कार ड्राइवर की (आकर्षक वेतन) बायोडाटा के साथ संपर्क करें:- अबाबा मोबाइल, मेनरोड, तेलीबांधा 7869999902.(RO-3158)

आवश्यकता है- ज्वेलरी शॉप में कार्य हेतु स्मार्ट सेल्स गर्ल /ब्वाय, मार्केटिंग के लिए आवश्यकता है, वेतन 10000/- से 15000/- प्लस कमीशन ,संपर्क- जवाहर चौक दुर्ग Mo - 7089508250. मिलने का समय सुबह 10 से 12 (आरो न.-1848)

सफाई कार्य

आवश्यकता है- ज्योति ऑप्टिकल आदर्श नगर पोटिया चौक के पास व तहसील ऑफिस रोड सराफा बाजार दुर्ग में साफसफाई हेतु बाई की ,कार्य समय 9:30 से 8:30, मिले- शाम 4से5 ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग (आरो न.-1846)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ- बी.एस.सी. नर्सिंग व जी.एन.एम. ओडी (OT) टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्निशियन, वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यताअनुसार। संपर्क करें। श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ . - 9691631006, 9617952445, 9926115911.(RO-6449)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- कामवाली चाहिए घर में काम करने एवं बच्चा संभालने हेतु बाई की आवश्यकता है सेक्टर 5 देवेंद्र नगर मोबाइल- 9826136230.(RO-6447)

केयर टेकर/नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- घर पर ही रहकर बुजुर्ग एवं पेशेंट की देखभाल हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता- 10वी, 12वी, जी.एन.एम, ए.एन.एम, बी.एस.सी नर्सिंग, ड्यूटी 10 घंटे एवं 24 घंटे, स्थान- दुर्ग,भिलाई मो.- 8770891489.(आरो न.-641)

आवश्यकता

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्कः- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

आवश्यकता है- धनोरा दुर्ग में फैमिली वाला गार्ड की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध है संपर्क करें:- 9669666601, 9754144001.(आरो -1850)

पैकिंग/हेल्पर कार्य

आवश्यकता है- पैकिंग एवं हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध अशोक एंटरप्राइजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 8:00 तक मोबाइल नंबर- 8770676924. (RO-1021)

कस्टमर हैंडल कार्य

आवश्यकता है- बेकरी शॉप में कस्टमर हैंडल करने युवक तथा अन्य कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी, टिकरापारा, रायपुर। मोबाईल 9754178006. (RO-332)

ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए। अंगुल उड़ीसा मे ऑटोमैटिक गाड़ी के लिए फुलटाइम अनुभवी ड्राइवर की, जिसको लंबी दूरी की ड्राइविंग का अनुभव हो। सैलरी 12000 प्लस बोनस,रहना, खाना, मेडिकल, मोबाइल फ्री। संपर्क :- 7470575373.(आरो न.-7152)

पैकिंग/सेल्स कार्य

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं सेल्स कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (RO-385)

क्लासीफाईड

पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- रायपुर पेट्रोल पंप पर फुलटाइम, पार्टटाइम नाईट एवं डे हेतु लड़के और लड़कियों की (हाउस्कीपिंग हेतु व्यक्ति एवं नाईट ड्यूटी हेतु गार्ड,) मैनेजर भी संपर्क करें रहने की सुविधा संपर्क:- 9111108055, 8358914444. (RO-3163)

आवश्यकता

आवश्यकता है- टाटा एस किराए से लगाने हेतु संपर्क करें एवं गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है मोबाइल - 7974351591. (RO-3795)

पीआरओ

आवश्यकता है- ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर्स ग्रुप को छत्तीसगढ़ अंचल के लिए एक अनुभवी पीआरओ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9579931943. (RO-36266)

अन्य

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537.(RO-751)

Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

टॉवर

टॉवर लगवाए- मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 8278191967, 9238843306. (RO-70)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (RO-3151)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप

### सेबी ने एचडीएफसी बैंक को चेतावनी पत्र किया जारी




**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने नियामकीय अनुपालन में खामी के लिए एचडीएफसी बैंक को एक प्रशासनिक चेतावनी पत्र जारी किया है। यह बैंक द्वारा की गई निवेश बैंकिंग गतिविधियों के अपने आवधिक निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणियों के संबंध में है, जिससे सेबी के कुछ प्रावधानों के अनुपालन में चूक का आरोप लगाया गया है।

### वन मोबिक्विक आईपीओ को 119.38 गुना अभिदान




**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड के आईपीओ को 119.38 गुना अभिदान मिला है। आईपीओ के लिए बोली शुक्रवार तक लगायी जा सकती थी। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, 572 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर बिक्री में 1,18,71,696 शेयरों के मुकाबले 1,41,72,65,686 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।

### लेलैंड जनवरी से तीन फीसदी वाहनों के दाम बढ़ाएगी




**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड ने शुक्रवार को कहा कि वह जनवरी 2025 से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा कि मुद्रास्फीति और उच्च जिंस कीमतों के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए ऐसा किया जाएगा। अलग-अलग होगी, हालांकि सभी उत्पादों की कीमत बढ़ेंगी।

### मीशो के ऑर्डर 2024 में 35 प्रतिशत बढ़े




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2024 में उसे मिलने वाले ऑर्डर में 35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई जबकि उपयोगकर्ताओं की संख्या 25 प्रतिशत बढ़कर 17.5 करोड़ हो गई है। छोटे शहरों में ई-कॉमर्स का चलन बढ़ने से सौंदर्य एवं निजी देखभाल और घरेलू एवं रसोई खंडों में ऑर्डर सालाना आधार पर 70 प्रतिशत बढ़े हैं।

### ब्रुकफील्ड इंडिया ने क्यूआईपी के जरिए 3,500 करोड़ जुटाए



**नई दिल्ली।** ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट ने कर्ज घटाने के लिए क्यूआईपी निर्गम के जरिये संस्थागत निवेशकों से 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 3,500 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। यह निर्गम नौ दिसंबर को पेश किया गया था।

### कतर की कंपनी कोठारी में हिस्सेदारी खरीदेगी




**चेन्नई।** कतर स्थित एफ जे ग्लोबल एंड इन्वेस्टमेंट कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। शाही परिवार से संबंधित कंपनी ने कहा कि उसने वृद्धि अवसरों का लाभ उठाने और वैश्विक स्तर पर कारोबार बढ़ाने के लिए इस निवेश का फैसला किया। चेन्नई स्थित कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बोर्ड ने भी इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इसके तहत फलाह जसीम के स्वामित्व वाली एफ जे ग्लोबल एंड इन्वेस्टमेंट कोठारी इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन लिमिटेड में 70,56,000 शेयर खरीदेगी।

# ईपीएफओ के सदस्यों को मिलेगी एटीएम से निकासी की सुविधा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्य जल्द ही दावों के निपटान के बाद सीधे एटीएम के जरिये अपनी भविष्य निधि को निकाल सकेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्यों को अपने दावों के ऑनलाइन निपटान के लिए सात से 10 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। दावा निपटान होने के बाद राशि को लाभार्थियों के संबंधित बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया जाता है। हालांकि जल्द ही इस व्यवस्था में बदलाव करने की तैयारी है।

■ जल्द दावों के निपटान के बाद एटीएम से निकाल सकेंगे निधि

## केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता दावरा ने दी जानकारी

### उत्तराधिकारी भी एटीएम से पैसे निकाल पाएंगे

ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा (ईडीएलआई) योजना के तहत मृतक सदस्यों के उत्तराधिकारियों को अधिकतम सात लाख रुपये दिए जाते हैं। नई प्रणाली में मृतक ईपीएफओ सदस्य के उत्तराधिकारी भी दावा निपटान के बाद पैसे निकालने के लिए एटीएम का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए ईपीएफओ अपने सदस्यों को समर्पित कार्ड भी जारी कर सकता है।




### सदस्यों के मिलेंगे समर्पित कार्ड

इस योजना के तहत ईपीएफओ के सदस्यों को समर्पित कार्ड मिलेंगे, जिनका इस्तेमाल एटीएम से बचत राशि निकालने के लिए किया जा सकेगा। केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि ईपीएफओ अपने सात करोड़ से अधिक सदस्यों को बैंकिंग प्रणाली के समान सेवाएं प्रदान करने पर विचार कर रहा है।

### ईपीएफओ के सात करोड़ सदस्य

डावरा ने बातचीत में कहा कि नई व्यवस्था के तहत दावेदार, लाभार्थी या बीमित व्यक्ति एटीएम के माध्यम से अपनी दावा राशि प्राप्त कर सकेंगे। फिलहाल ईपीएफओ के लगभग सात करोड़ योगदानकर्ता सदस्य ईपीएफ, पेंशन और सेवानिवृत्ति निधि निकाय की समूह बीमा योजनाओं के अंतर्गत आते हैं।

### अभी ढांचागत आधार तैयार करने पर जोर

हालांकि पीएफ निकाय का ध्यान फिलहाल इसके लिए जरूरी ढांचागत आधार तैयार करने पर है। डावरा ने कहा, "हालांकि पिछले कुछ महीनों में सुधार देखे जा रहे हैं लेकिन जनवरी में हम हार्डवेयर उन्नयन के परिणामस्वरूप अधिक सुधार देखेंगे।"

### अधिक पारदर्शिता आएगी

दावरा ने कहा, 'इस आधुनिकीकरण अभियान के तहत हमारा लक्ष्य ईपीएफओ प्रणालियों की तुलना भारत में पहले से ही मौजूद कुशल बैंकिंग प्रणालियों से है। जीवन को आसान बनाने के लिए अधिक पारदर्शिता लाना और दावों को आसान बनाना भी इस योजना का हिस्सा है।'

## दोहरे कराधान से बचाव के लिए भारत के साथ हुआ था समझौता

# स्विट्जरलैंड ने भारत का एमएफएन दर्जा निलंबित किया, अब देना होगा अधिक कर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*स्विट्जरलैंड ने दोहरे कराधान से बचाव के लिए भारत के साथ हुए समझौते में 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' (एमएफएन) के प्रावधान को निलंबित कर दिया है। इस फैसले के बाद स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय कंपनियों पर अधिक कर लगने के साथ भारत में स्विस निवेश पर असर पड़ने की आशंका है।*

स्विट्जरलैंड के वित्त विभाग ने 11 दिसंबर को अपने एक बयान में एमएफएन दर्जा वापस लेने की जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम भारत के उच्चतम न्यायालय के पिछले साल आए एक फैसले के संदर्भ में उठाया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि अगर किसी देश के 'आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन' (ओईसीडी) में शामिल होने से पहले भारत सरकार ने उस देश के साथ कर संधि पर हस्ताक्षर किए हैं तो एमएफएन प्रावधान अपने-आप लागू नहीं होता है।

### कोलंबिया और लिथुआनिया से भी संधि

भारत ने कोलंबिया और लिथुआनिया के साथ कर संधियों पर हस्ताक्षर किए थे, जो कुछ तरह की आय पर कम कर दरें प्रदान करती थीं। ये दोनों देश बाद में ओईसीडी का हिस्सा बन गए। स्विटजरलैंड ने 2021 में कहा था कि कोलंबिया और लिथुआनिया के ओईसीडी सदस्य बनने का मतलब है कि भारत-स्विट्जरलैंड कर संधि पर एमएफएन प्रावधान के तहत लाभांश पर पांच प्रतिशत की दर ही लागू होगी, न कि समझौते में उल्लिखित 10 प्रतिशत की दर।



■ सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र के प्रावधान को किया निलंबित

■ स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय कंपनियों पर लगेगा अधिक कर

■ भारत में स्विट्जरलैंड के निवेश पर असर पड़ने की संभावना

### लाभांश पर 10 प्रतिशत कर लगेगा

हालांकि अब एमएफएन का दर्जा हट जाने के बाद स्विट्जरलैंड एक जनवरी, 2025 से रिफंड का दावा करने वाले भारतीय कर निवासियों और विदेशी कर क्रेडिट का दावा करने वाले स्विस कर निवासियों के लिए लाभांश पर 10 प्रतिशत कर लगाएगा।

### भारतीय इकाईयों की देनदारियां बढ़ जाएगी

स्विस सरकार के इस फैसले पर कर परामर्शदाता नांगिया एंडरसन में कर साझेदार संदीप झुनझुनवाला ने कहा कि अब स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय इकाइयों की कर देनदारियां बढ़ सकती हैं। एकेएम ग्लोबल फर्म में कर साझेदार अमित माहेश्वरी ने कहा कि इससे भारत में स्विस निवेश प्रभावित हो सकता है क्योंकि एक जनवरी, 2025 या उसके बाद अर्जित आय पर मूल दोहरे कराधान संधि में उल्लिखित दरों पर कर लगाया जा सकता है।

### निर्णय के लिए नेस्ले के फैसला का हवाला दिया

स्विस वित्त विभाग ने अपने बयान में आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचने के लिए दोनों देशों के बीच हुए समझौते के एमएफएन प्रावधान को निलंबित करने की घोषणा की। स्विट्जरलैंड ने अपने इस निर्णय के लिए 2023 में नेस्ले से संबंधित एक मामले में आए उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया।

### न्यायालय ने नेस्ले का फैसला पलटा

डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों के कारोबार में लगी नेस्ले का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के वेवे शहर में है। बयान के मुताबिक, नेस्ले मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2021 में दोहरे कराधान से बचाव संधि (डीटीएए) में एमएफएन खंड को ध्यान में रखते हुए बकाया कर दरों के अनुप्रयोग को बरकरार रखा था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने 19 अक्टूबर, 2023 के एक फैसले में इस फैसले को पलट दिया था।

## अचानक से शेयर बाजार ने मारी पलटी, सेंसेक्स 843 अंक उछला

एजेंसी ⏭ मुंबई

खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को दूरसंचार एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में तगड़ी लिवाली से खासी तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 843 अंक और निफ्टी 219 अंक उछल गए।



■ उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निफ्टी 219 अंक मजबूत

घरेलू शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सुबह के कारोबार में खासी गिरावट देखने को मिली थी लेकिन बाद में इसमें बड़ी उछाल दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती सत्र में 1,207.14 अंक लुढ़क गया था। लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी आने से इसने पुरजोर वापसी की और 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 219.60 अंक चढ़कर 24,768.30 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के मुताबिक, नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 5.48 प्रतिशत रहने के आंकड़ों ने अगली मौद्रिक समीक्षा में दर कटौती की संभावना जगाई है जिससे निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली।

### एयरटेल व आईटीसी रहे लाभ में

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और पावर ग्रिड सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। दूसरी तरफ टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

## नवंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़ी : सियाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

त्योहारों के बाद भी मांग मजबूत रहने से नवंबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,522 इकाई हो गई।

वाहन विनिर्माताओं के निकाय सियाम के शुक्रवार को नवंबर के बिक्री आंकड़े जारी किए। एक साल पहले की समान अवधि में वाहन विनिर्माताओं ने 3,33,833 यात्री वाहनों की आपूर्ति की थी। बिक्री आंकड़ों के मुताबिक, मारुति सुजुकी का यात्री वाहनों की थोक बिक्री में दबदबा कायम रहा और उसने अकेले 1,41,312 वाहनों की आपूर्ति की। यह नवंबर, 2023 में बिके 1,34,158 वाहनों पांच प्रतिशत अधिक है। हालांकि हुंडई मोटर इंडिया की थोक बिक्री घटकर 48,246 इकाई रह गई। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी ने 49,451 वाहनों की बिक्री की थी। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री पिछले महीने 16 प्रतिशत बढ़कर 46,222 इकाई हो गई जो पिछले साल नवंबर में 39,981 इकाई थी। पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले साल के इसी महीने 16,23,399 इकाई की तुलना में एक प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 16,04,749 इकाई रही। स्कूटर की बिक्री नवंबर में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,68,580 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल की बिक्री 7.5 प्रतिशत घटकर 9,90,246 इकाई रह गई। सियाम ने एक बयान में कहा कि नवंबर में कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में भी सालाना आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 59,350 इकाई रही।



■ सियाम के जारी आंकड़ों में बिक्री 3.47 लाख इकाई रही

### त्योहारी मांग नवंबर में भी कायम रही

सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, /"अक्टूबर में त्योहारों के दौरान देखी गई मांग की रफ्तार नवंबर में भी कायम रही। हालांकि दोपहिया और तिपहिया वाहनों के खंड में पिछले महीने मामूली गिरावट देखी गई।/"

## प्रत्यक्ष बिक्री करने वाली 17 कंपनियों को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता संरक्षण नियामक सीसीपीए ने कथित अनुचित कारोबारी तरीकों और उपभोक्ता संरक्षण नियमों के उल्लंघन के लिए ओरिफ्लेम इंडिया समेत 17 प्रत्यक्ष बिक्री कंपनियों को नोटिस भेजा है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने शुक्रवार को कहा कि ये नोटिस 17 कंपनियों को कथित सेवा कमियों और उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 का अनुपालन न करने के लिए दिए गए हैं। एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि इनमें से 13 मामलों की जांच चल रही है, जबकि तीन कंपनियों के जवाब का अभी भी इंतजार है। यह कार्रवाई प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग में भ्रामक गतिविधियों के संबंध में की गई है। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि कुछ धोखाधड़ी करने वाली इकाइयां गड़बड़ी के लिए प्रत्यक्ष बिक्री मॉडल का दुरुपयोग कर रही हैं। ये कंपनियां अक्सर दूसरों की भर्ती के आधार पर ऊंचा कमीशन, विदेश यात्राएं और उद्यमिता के अवसरों के झूठे वादे करती हैं।

## खुदरा निवेशकों की एल्गो ट्रेडिंग में भागीदारी होगी आसान : सेबी

■ पूंजी बाजार नियामक सेबी ने रखा प्रस्ताव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कंप्यूटर प्रोग्राम के जरिये त्वरित शेयर लेनदेन करने की पद्धति 'एल्गो ट्रेडिंग' में खुदरा निवेशकों की भागीदारी आसान बनाने के लिए शुक्रवार को एक प्रस्ताव रखा। अगर इस प्रस्ताव को लागू किया जाता है तो पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ एल्गो का उपयोग करके सौदे करने की खुदरा निवेशकों की चाहत पूरी हो सकती है। 'एल्गो ट्रेडिंग' में पूर्व-निर्धारित मानदंडों के आधार पर उच्च रफ्तार और मात्रा में सौदों को पूरा करने के लिए कंप्यूटर प्रोग्राम का इस्तेमाल किया जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बाजार की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एल्गो ट्रेडिंग की शुरुआत की थी। इससे सौदों को तेजी से पूरा करने, लेनदेन की लागत में कटौती, अधिक पारदर्शिता, बेहतर ऑडिट और बेहतर तरलता में मदद मिली।



*बाजार से अनुमति के बाद ही मिलेगी सुविधा : सेबी ने कहा कि शेयर ब्रोकर द्वारा हरेक एल्गो के लिए शेयर बाजार से अपेक्षित अनुमति मिलने के बाद ही एल्गो ट्रेडिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ऑडिट ट्रेल स्थापित करने के लिए सभी एल्गो ऑर्डर को शेयर बाजार द्वारा दिए गए एक विशिष्ट पहचानकर्ता के साथ संबद्ध किया जाएगा।*

## जोमैटो को 803 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस मिला...




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाले मंच जोमैटो ने कहा कि ठाणे में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने उसे 803.4 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस भेजा है। इसमें ब्याज और जुर्माना भी शामिल है। जोमैटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि डिलिवरी शुल्क पर ब्याज और जुर्माना के साथ जीएसटी का भुगतान न करने के संबंध में उसे नोटिस मिला है। कंपनी ने कहा कि वह उचित प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करेगी क्योंकि उसका मानना है कि उसका मामला मजबूत है। जोमैटो ने कहा, '... कंपनी को 12 दिसंबर, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है... 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित है। इसमें लागू ब्याज के साथ 401,70,14,706 रुपये के जीएसटी की मांग और 401,70,14,706 रुपये के जुर्माने की पुष्टि की गई है।'

## बिजनेस साइट

### प्रो. राम दरश को 'पतंजलि शिक्षा गौरव सम्मान'



**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के रवीन्द्र भवन सभागार में आयोजित एक सम्मान समारोह में भारतीय शिक्षा बोर्ड की हिंदी पाठ्यपुस्तकों का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर युग पुरुष प्रो. राम दरश मिश्र को 'पतंजलि शिक्षा गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि प्रो. राम दरश मिश्र का सम्मान भारतीय शिक्षा बोर्ड और पतंजलि योग पीठ दोनों के लिए गौरव की बात है। समारोह में प्रो. राम दरश मिश्र ने अपनी कुछ कविताओं का पाठ भी किया। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड की हिंदी पाठ्यपुस्तकें भारतीय ज्ञान परंपरा की संवाहक है।

## आभूषण विक्रेताओं व स्टॉकिस्टों की रही भारी बिकवाली

# बिकवाली से सोना 1,400 व चांदी 4,200 रुपए टूटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की भारी बिकवाली के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 1,400 रुपये टूटकर 80,000 रुपये से नीचे आ गया जबकि चांदी में 4,200 रुपये की गिरावट आई।

■ सोना टूटकर 80 हजार रुपए से नीचे आया

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुख से सर्राफा कीमतों पर भारी दबाव रहा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,400 रुपये गिरकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।

### चांदी घटकर 92,800 किग्रा

पिछले सत्र में यह 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी 4,200 रुपये गिरकर 92,800 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। यह दिसंबर महीने में सबसे बड़ी गिरावट है। पिछले कारोबारी सत्र बृहस्पतिवार को चांदी 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 1,400 रुपये घटकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि पिछले दिन इसका भाव 80,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था।



### ब्याज दर में कटौती का अनुमान

आंकड़े जारी होने के बाद भी कारोबारी अगले सप्ताह की फेडरल रिजर्व की बैठक में प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का अनुमान लगा रहे हैं, लेकिन अगले साल के लिए मौद्रिक नीति का मार्ग अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है। चांदी 1.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 31.17 डॉलर प्रति औंस पर रही।

### पीपीआई में गिरावट से भी मुनाफावसूली

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतिन त्रिवेदी ने कहा, /"अमेरिकी में उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) में गिरावट और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों में बढ़ोतरी के बाद मुनाफावसूली तेज होने से सोने में तेज बिकवाली देखी गई।

### कॉमेक्स में भी सोने की कीमत घटी

इससे कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोने की कीमत घटकर 2,670 डॉलर प्रति 10 ग्राम रह गई। कॉमेक्स सोना वायदा 18.60 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,690.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।।

## एक्सिस बैंक ने लांच किया 'एराइज वुमेन्स सेव्हिंग्स अकाउंट'

**रायपुर।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने 'एराइज वुमेन्स सेव्हिंग्स अकाउंट' लांच किया है, जो महिलाओं की वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक व्यापक समाधान है, साथ ही उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवा लाभ भी प्रदान करता है। सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और चीफ एक्झिक्युटिव्ह ऑफिसर सुश्री अरुंधति भट्टाचार्य ने एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी और एक्सिस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुनीश शारदा की उपस्थिति में एराइज वुमेन्स सेव्हिंग्स अकाउंट को लांच किया। यह नया लांच किया गया बचत खाता महिलाओं की अनूठी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार की गई विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराता है। इन सेवाओं में डेडिकेटेड महिला वित्तीय विशेषज्ञ, स्टॉक की कस्टमाइज्ड बास्केट और उनके स्वास्थ्य, जीवनशैली और परिवार का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किए गए अनेक प्रकार के फायदे शामिल हैं।





# ढाई रुपए की चीनी की लड़ाई से बना नक्सल कमांडर, 'लाल सलाम' सुनकर कांपते थे लोग




**गया।** बीते दौर में गया जैसे नक्सल जिले में लाल सलाम के नारे सुनकर लोग सहम जाते थे। आज जिले में 'लाल सलाम' नाम का चौक है। यह जिले के टनकुप्पा प्रखंड क्षेत्र में आता है जो बंधुआ करियादपुर रोड में स्थित है। इस गांव का पुराना नाम रैनपुरी है। यहां पुलिस मुठभेड़ में नक्सली रामा शंकर लाल के मारे जाने के बाद गांव के लोगों ने इस जगह का नाम 'लाल सलाम' रख दिया। आज भी नए लोग जब इस गांव से गुजरते हैं तो थोड़ी देर के लिए सहम जाते हैं।

## चीनी की लड़ाई से बने इलाके के मसीहा

साल 1984 में टनकुप्पा प्रखंड के बरसौना गांव के रहने वाले रामा शंकर लाल सीपीआई पार्टी के सदस्य थे। अपनी बेटी की शादी में एक सामंतवादी से पांच किलो चीनी उधार ली थी। उस वक्त एक किलो चीनी की कीमत 2.50 रुपए थी। इसके बदले में इनसे 1200 रुपए वसूले गए। इसको लेकर हुई पंचायत में कोई हल नहीं निकला। इसके लिए उन्हें प्रताड़ना सहनी पड़ी। चीनी के लिए मिली प्रताड़ना के बाद वह प्रतिबंधित नक्सली संगठन में चले गए और एरिया कमांडर बन गए। सामंतवादी लोगों से लड़ाई लड़ी और वह कुछ ही दिनों में गरीब लोगों की मदद के कारण वह इलाके के लिए मसीहा बन गए।

## बांटी गई थी गांव में मिठाई

रामा शंकर लाल को जानने वाले और उनके साथी रहे बैद्यनाथ भारती ने बताया कि जिस दिन रमा शंकर लाल का स्मारक बनवाया था उस दिन सैंकड़ों लोग मौजूद थे। स्मारक बनने के खुशी में गांव के लोगों के बीच मिठाई बांटी गई थी। उनकी मौत इसी जगह पर हुई थी जिस कारण इस जगह का नाम लाल सलाम रख दिया गया और तब से यह नाम पूरे जिले में प्रचलित है।

## छाया है इलाके में लाल सलाम

1984 में पुलिस मुठभेड़ में रमा शंकर लाल की मौत हो गई। उनके मौत की जगह को गांव वालों ने लाल सलाम देकर एक स्मारक बना दिया। आज भी उनके नाम का शिलापट्ट यहां मौजूद है। रैनपुरी गांव के मोड़ पर कई लाल सलाम के बोर्ड लगे हैं। उस जगह पर निजी दुकानों से लेकर सरकारी बैंक के पता में भी लाल सलाम लिखा हुआ है।

बर्फबारी

अंटार्कटिका में तापमान -82 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है

# दुनिया की पांच सबसे ठंडी जगहें, जम सकता है इंसान

भारत में कड़ाके की ठंड की शुरुआत हो चुकी है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। कुछ दिनों में भारत के कई इलाकों में कपकपाने वाली ठंड शुरू हो जाएगी।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 5 से 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जबकि पहाड़ी इलाकों में तापमान माइनस तक चला जाता है। इस ठंड में ही लोगों की हालत खराब हो जाती है।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में कुछ ऐसी जगहें जहां पर पारा -90 के करीब चला जाता है। आज हम आपको दुनिया की कुछ ठंडी जगहों के बारे में बताते हैं।

## याकुत्स्क

रूसे में स्थित याकुत्स्क शहर में पारा -67 के नीचे चला जाता है। हालत ऐसी हो जाती है कि यहां सबकुछ जम जाता है। ठंड का ऐसा कहर रहता है कि यहां रातभर कार के इंजन को लोग ऑन रखते हैं। अगर ऑफ हो गया तो गर्मियों में ही कार चल पाएगी। अगर आप यहां पर बाहर कप में पीने के लिए चाय लिए हैं, तो जम जाएगी। यहां पर इतनी ठंड पड़ती है कि अगर लोग घर के बाहर निकलते हैं, तो उनकी आंखों की पलकों तक पर बर्फ जम जाती है।

## ग्रीनलैंड

ग्रीनलैंड भी सबसे ठंडी जगहों में शामिल है। इसका इस्तेमाल ब्रिटिश रिसर्च स्टेशन के लिए होता है। दुनिया की सबसे ठंडी जगहों में शामिल नॉर्थ आइस में तापमान -66 डिग्री सेल्सियस तक चला जाता है। यहां ज्यादातर तापमान बहुत ठंडा रहता है।

## वोस्तोक स्टेशन

अंटार्कटिका में वोस्तोक रिसर्च स्टेशन को दुनिया का सबसे ठंडी जगह माना जात है। यहां पर तापमान -82 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। रूसी रिसर्च स्टेशन के तौर पर इस जगह का इस्तेमाल होता है। अंटार्टिका में बारिश का मतलब यहां बर्फबारी होना। यहां पर बर्फीली हवाएं चलती हैं, जिसके कारण तापमान इतना नीचे पहुंच जाता है।

## फ्रेजर, कोलोराडो

दुनिया के सबसे ठंडे शहरों में शामिल फ्रेजर में तापमान -51 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। यहां पर स्थित स्की रिजॉर्ट बेहद लोकप्रिय है। बर्फ से ढकने के बाद इस शहर की खूबसूरती और बढ़ जाती है।



## हार्बिन

चीन में स्थित हार्बिन शहर मेंलाखों लोग रहते हैं। यहां पर भी भीषण ठंड पड़ती है। यहां पर तापमान -56 डिग्री सेल्सियस तक चाला जाता है। कभी-कभी तापमान इससे भी नीचे चला जाता है।

# ई-रिक्शा चलाने वाले शख्स ने गाड़ी में लिखा ऐसा संदेश तारीफ करने लगे लोग



**जबलपुर।** आजकल लोगों के मन में एक धारणा बन गई है कि इस दुनिया से इंसानियत खत्म हो चुकी है।कई मामलों में ये सही भी है।पर आज भी समाज में ऐसे बहुत से लोग हैं जो इंसानियत का झंडा बुलंद रखते हैं। ये लोग दूसरों की फिक्र करते हैं, जरूरत के वक्त उनका ध्यान रखते हैं। ऐसा ही एक ई-रिक्शेवाले ने भी किया। वो जब रोड पर अपनी गाड़ी लेकर निकला तो उसके अंदर जो संदेश लिखा था, उसे देखकर लोग उसकी तारीफ करने लगे, और उसे रोक-रोककर हाथ मिलाने लगे।

वीडियो को मध्य प्रदेश के जबलपुर का बताया जा रहा है। ई-रिक्शे पर शख्स ने एक संदेश लिखा है, जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं और उसे इंसानियत की मिसाल बता रहे हैं।

## प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए मुफ्त सेवा

इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक बैटरी रिक्शा भीड़भाड़ वाले इलाके में चल रहा है। पीछे कोई व्यक्ति चलते-चलते वीडियो रिकॉर्ड कर रहा है। जैसे ही कैमरा जूम होता है तो उस नोट पर नजर पड़ती है। उसमें लिखा है- 'प्रेग्नेंट महिलाओं का कोई चार्ज नहीं लगेगा!' उसके साथ ही बुकिंग के लिए ई-रिक्शेवाले ने अपना नंबर दिया है, जिससे कोई प्रेग्नेंट महिला उससे संपर्क कर सके। यानी शख्स गर्भवती औरतों को मुफ्त में उनके गणतव्य तक छोड़ता है।

# 200 फीट गहरी खाई किनारे बने घर में रहते हैं लोग!

■ हलक में अटक जाए सांस, जब देखेंगे दुनिया की सबसे डरावनी सड़क



**लंदन।** दुनिया में कई ऐसी सड़कें हैं, जहां पर चलना खतरनाक माना जाता है। इनके आसपास या तो कोई खतरा रहता है या फिर ये सुनसान होती हैं, इस वजह से खतरनाक होती है। पर बोलीविया में एक सड़क है, जिसके किनारे पर 200 फीट गहरी खाई है। हैरानी इस बात की है कि सड़क (Most dangerous road) के ठीक बगल में, जहां से खाई शुरू हो रही है, वहां पर लोगों के घर बने हैं। ये घर खाई से चंद सेंटीमीटर दूरी पर ही बने हैं। जरा सी लापरवाही या आंधी-तूफान की वजह से ये घर बड़ी आसानी से खाई में गिर सकते हैं। इन्हें देखकर निश्चित रूप से हलक में सांस अटक सकती है। द सन की रिपोर्ट के अनुसार बोलीविया के शहर एल एल्टो में एक सड़क है जिसके किनारे पर दर्जनों घर बने हैं। इन घरों के ठीक पीछे 200 फीट गहरी खाई है।

## रोड के बगल में है खाई

इस इलाके में ज्यादा बारिश की वजह से घरों के खाई में गिरने का खतरा है, पर ये लोग यहां से जाने को तैयार नहीं हैं। उनका मानना है कि धरती उनकी रक्षा करेगी और इस वजह से अपनी जान को खतरे में डाले हुए हैं। मेयर के ऑफिस से कहा गया है कि अगर ये लोग अपने आप नहीं निकलेंगे, तो इन्हें जबरदस्ती हटाया जाएगा. यहां रहने वाले लोगों का कहना है कि ये घर उनका कार्यक्षेत्र भी है। वो यहीं रहकर मिट्टी और रेन वॉटर को संचय करने का काम करेंगे। सरकार ने इस इलाके के ऊपर केबल कारें लगवा दी हैं, जिससे लोग आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जा सकें। मगर यहां के यातिरीज कहीं नहीं जाना चाहते हैं। यहां का मौसम ज्यादा खराब होता जा रहा है, जिसकी वजह से लोगों को असुविधा हो रही है।

# रातोंरात करोड़पति बना किसान, फिर ऐसा घूमा दिमाग, खुद चलकर पहुंचा यमराज के पास!



**ब्राजीलिया।** किसी भी इंसान के लिए सबसे ज्यादा खुशी की बात यही होती है कि उसे बिना मेहनत के लाखों-करोड़ों रुपए मिल जाएं। लोग जितनी दौलत कमाने के लिए पूरी-पूरी जिंदगी मेहनत करते हैं, वो दौलत बिना मेहनत के एक झटके में हासिल करना अपने आपमें खुशी की बात है। वो बात अलग है कि ये खुशी बर्दाश्त करने का नसीब कुछ ही लोगों का होता है, हर किसी का नहीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एंटोनियो लोप्स सिंक्वीरा नाम का किसान ब्राजील का रहने वाला है। वैसे तो एंटोनियो पशुपालन का काम करते थे और वो किसान थे। चार बच्चों के पिता एंटोनियो ने देश की सबसे बड़ी लॉटरी मेगा सेना में 26.5 मिलियन का जैकपॉट जीता। नवंबर में उन्हें ये खुशखबरी मिली कि उन्होंने 2,87,11,26,600 रुपए जीत लिए हैं, जो उनके लिए वाकई बहुत बड़ी रकम थी।

## पहुंचा यमराज के पास

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एंटोनियो ने इन सबसे पहले अपने दांतों का इलाज कराने के लिए सोचा। वे अपनी डेंटल सर्जरी के लिए क्लीनिक पहुंचे और आगे जो हुआ, उसकी उम्मीद किसी को भी नहीं थी। अपने ऑपरेशन के बीच में ही एंटोनियो की मौत हो गई। जब तक पुलिस वहां पहुंची, तब तक उन्हें कार्डिएक अरेस्ट से मरे हुए आधा घंटा हो चुका था। 73 साल के एंटोनियो की इसस तरह हुई मौत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है और उनके शक के घेरे में वो क्लीनिक भी है, जहां एंटोनियो डेंटल इम्प्लांट करा रहे थे।






















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com